Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020 से 2022

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक - 249 बुधवार ,13 जुलाई 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

*जो हमेशा ज्ञानियों के साथ रहता है वह अवश्य ही एक दिन ज्ञानी हो जायेगा।*

-सूलेमान-

## झारखंड को बड़ी सौगात,मोदी ने देवघर एयरपोर्ट का किया उद्घाटन,16 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास भी



**नई दिल्ली, 12 जुलाई 2022।** झारखण्ड को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी सौगात दी है। 16 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसके साथ ही एयरपोर्ट का उद्घाटन भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकारी निरंतर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही है।

बता दें कि पीएम मोदी बाबा बैद्यनाथ के दर्शन करने भी पहुंचे और पूजा-अर्चना की।

पीएम मोदी ने कहा, बाबा वैद्यनाथ के आशीर्वाद से आज 16 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है।

इनसे झारखंड की आधुनिक कनेक्टिविटी, ऊर्जा, स्वास्थ्य, आस्था और पर्यटन को बहुत अधिक बल मिलने वाला है। राज्यों के विकास से राष्ट्र का विकास, देश पिछले 8 वर्षों से इसी सोच के साथ काम कर रहा है। पिछले 8 वर्षों में हाईवे, रेलवे, एयरवे, वाटरवे, हर प्रकार से झारखंड को कनेक्ट करने के प्रयास में भी यही सोच, यही भावना सर्वोपरि रही है।

आज सरकार के प्रयासों का लाभ पूरे देश में दिख रहा है। उड़ान योजना के तहत पिछले 5-6 सालों में लगभग 70 नए स्थानों को एयरपोर्ट्स, हेलीपोर्ट्स और वॉटर एयरोडोम्स के माध्यम से जोड़ा गया है। 400 से ज्यादा नए रूट्स पर आज सामान्य से सामान्य नागरिक को हवाई यात्रा की सुविधा मिल रही है। हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई जहाज का आनंद ले सके, सरकार की इसी सोच का लाभ पूरे देश में दिख रहा है।


## कृषि कानून वापस हुआ पर नहीं मिली MSP की गारंटी,फिर आंदोलन के मूड में किसान संगठन

**नई दिल्ली, 12 जुलाई 2022।** किसानों के हित में केंद्र सरकार की ओर से तीन कृषि कानून लाए गए थे। लेकिन केंद्र सरकार के इस तीन कानून के खिलाफ विभिन्न किसान संगठनों ने जमकर विरोध-प्रदर्शन किया जो लगातार लगभग 8 महीने तक जारी रहा। धरना-प्रदर्शन के दौरान कई अप्रिय घटनाएं भी हुई जिसमें कई किसानों की मौत हो गई। इस बीच किसान संगठन और केंद्र सरकार के बीच कई बैठकें भी हुई। किसान संगठन एमएसपी की मांग पर अड़े रहे। काफी जद्दोजहद के बाद किसान संगठन और सरकार के बीच एमएसपी को लेकर सहमति बनी और किसानों की मांग पर केंद्र सरकार ने तीन नए कृषि कानून को वापस लेने के फैसले के साथ किसानों का धरना-प्रदर्शन समाप्त हो गया। युक्त किसान मोर्चा ने केंद्र सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया है।



## संक्षिप्त समाचार

### कोयला लदे ट्रेलर से कुचलकर भाईयों की हुई दर्दनाक मौत



**अनपरा(सोनभद्र) ,12 जुलाई 2022।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बैरपान में वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर सोमवार की देर रात कोयला लदे ट्रेलर (बवंस संकमद जतंपसमत) से कुचलकर बाइक सवार मौसेरे भाइयों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इससे खफा ग्रामीणों ने घंटे भर हाइवें जाम रखा। पुलिस ने किसी तरह जाराजगी जता रहे लोगों को समझा-बुझार शांत कराया। मंगलवार की सुबह भी मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीण थाने पर जमे हुए थे। घटना का कारण बैरपान में भारी वाहनों पर लदे कोयले पर पानी छिड़काव कर कोयला चोरी को बढ़ावा देने तथा हादसे का दावत देने वालों पर कार्रवाई न किए जाने को लेकर सवाल भी उठाए जा रहे हैं।

बताते हैं कि बराईडांड़ निवासी गोविंदा यादव (18) पुत्र दयाशंकर यादव, अनपरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलवादह अंतर्गत कुंडाभाटी टोला स्थित ननिहाल आया हुआ था। वहां से वह सोमवार की शाम कुंडाभाटी में ही रहने वाली मौसी के यहां गया और अपने मौसेरे भाई मुकेश यादव (20) पुत्र स्व. राजकुमार यादव के साथ बाइक से बाजार करने के लिए रेणुकूट चला गया। रात साढ़े दस बजे के करीब दोनों घर के लिए वापस हो रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही दोनों बैरपान में सड़क के दोनों तरफ स्थित पानी छिड़काव प्लांट के करीब पहुंचे, वहां से कोयले पर पानी का छिड़काव कराकर रेणुकूट की की तरफ जा रहा ट्रेलर दोनों को कुचलते हुए आगे निकल गया।

### प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचे माउंट आबू



**सिरोही ,12 जुलाई 2022।** माउंट आबू में भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचे । इससे पहले उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट आगमन परभाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने नड्डा का स्वागत किया ।

### राजस्थान को अधिकांश योजनाओं में केन्द्र से फण्ड प्राप्त नहीं हो सका - मुख्य सचिव



**जयपुर ,12 जुलाई 2022।** प्रदेश की मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने सभी विभागों के सचिवों को निर्देश दिये कि केन्द्र पोषित योजनाओं में केन्द्रीय सरकार की गाइड लाइन के अनुसार सभी औपचारिकताएं पूरी करें, ताकि सही समय पर फण्ड जारी हो सके। मुख्य सचिव आज मंगलवार को शासन सचिवालय में केन्द्र पोषित योजनाओं के तहत राज्य को जारी फण्ड की स्थिति की समीक्षा कर रहीं थीं। श्रीमती शर्मा ने कहा कि वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही समाप्त हो जाने के बावजूद अधिकांश योजनाओं में केन्द्र से फण्ड प्राप्त नहीं हो सका है। योजनाओं के प्रदेश में अच्छे क्रियान्वयन के बावजूद फण्ड प्राप्त नहीं होना चिन्ता का विषय है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग योजना से संबंधित केन्द्र सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप औपचारिकताएं पूरी करें तथा जो भी कमी है उसे दूर करें।

## तहसीलदार समेत 23 लोगों पर FIR, मंदिर की जमीन पर मजार बनाई गई

**मथुरा, 12 जुलाई 2022।** मथुरा में मंदिर की जमीन पर मजार बनाने का मामला सामने आया है. कोसीकलां इलाके के गांव शाहपुर में बिहारी जी महाराज सेवा ट्रस्ट की जमीन की दस्तावेजों में हेराफेरी कर मंदिर की जमीन पर मजार बनाने के मामले में 23 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है.

आरोप है कि 18 साल पहले तत्कालीन ग्राम प्रधान द्वारा द्वारा एक सपा नेता भोला खान ने लेखपाल एवं राजस्व कर्मियों के साथ मिलकर बिहारी महाराज सेवा ट्रस्ट की भूमि पर स्थित मंदिर पर कब्जा कर जमीन को तहसील के कागजातों में हेराफेरी करते हुए कब्रिस्तान की भूमि में दर्ज करा दिया गया।

## 18 जुलाई से शुरू होगा संसद का मानसून सत्र,सरकार ने रविवार को बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली, 12 जुलाई 2022।** देश में मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों के मद्देनजर इस साल भी मानसून सत्र में हंगामा होने के आसार हैं। पिछले साल इसी वक्त किसानों का मसला गरम था और सत्र में विपक्ष और सत्तापक्ष के बीच तलवारें खिंची हुई थीं।

18 जुलाई से शुरू होने वाले इस मानसून सत्र से पहले सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस सर्वदलीय बैठक में शामिल हो सकते हैं। सरकार की तरफ से संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संसद के मानसून सत्र के शुरू होने से एक दिन पहले रविवार, 17 जुलाई को सभी दलों की बैठक बुलाई है। इस बैठक के लिए संसद के दोनों सदनों (लोक सभा और राज्य सभा) में सभी राजनीतिक दलों के सदन के नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हो सकते हैं। पीएम मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी के साथ ही सरकार के कई अन्य मंत्री भी इस सर्वदलीय बैठक में शामिल हो सकते हैं। सरकार इस सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों के साथ संसद के एजेंडे पर सहमति बनाने की कोशिश करेगी ताकि संसद के दोनों सदनों का कामकाज सुचारू रूप से चल सके।



### 12 अगस्त तक चलेगा सत्र

संसद का मानसून सत्र 18 जुलाई से शुरू होने जा रहा है, और यह 12 अगस्त तक चलेगा। संसद का यह सत्र कई मायनों में काफी अहम होने जा रहा है क्योंकि इसी सत्र के दौरान राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव भी होना है। सत्र के पहले ही दिन, 18 जुलाई को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है, जिसके नतीजों की घोषणा 21 जुलाई को की जाएगी। देश के अगले उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए भी नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उपराष्ट्रपति राज्य सभा के पदेन सभापति भी होते हैं। इस पद के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 19 जुलाई है और अगर एक से ज्यादा उम्मीदवार चुनावी मैदान में रहे तो उपराष्ट्रपति पद के लिए 6 अगस्त को चुनाव होगा। राष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू और विपक्षी उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के बीच मुकाबला है तो वहीं उपराष्ट्रपति उम्मीदवार को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों ने फिलहाल अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

## राष्ट्रपति चुनाव को लेकर ठाकरे गुट में पड़ी दरार,अलग-थलग पड़े संजय राउत

**मुंबई, 12 जुलाई 2022।** 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए प्रत्याशी द्रौपती मुर्मू को जबरदस्त सामर्थन मिल रहा है। उनके समर्थन में कई विपक्षी दल भी आगे आ रहे हैं। जिससे द्रौपदी मुर्मू के जीत की संभावनाएं बढ़ गई है। वहीं राष्ट्रपति चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे गुट में दरार पड़ने के बीच बगावती तेवर कायम हैं। अब राष्ट्रपति चुनाव में राजग प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू के समर्थन के मुद्दे पर पार्टी के सांसदों में मतभेद की खबर है। इस मामले में पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय राउत के अलग-थलग पड़ने की भी बात कही जा रही है। पार्टी के ज्यादातर सांसद मुर्मू के समर्थन के पक्ष में हैं।

18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में राजग ने मुर्मू को तो साझा विपक्ष ने पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा को मैदान में उतारा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शिवसेना अपने विधायकों व सांसदों की बगावत का सामना कर रही है, इसलिए वह अभी तक तय नहीं कर पाई है कि उसे मुर्मू या सिन्हा में से किसका समर्थन करना है? पार्टी के कुछ सांसद भी बगावती तेवर दिखा रहे हैं। वे द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में हैं।



खबरों के अनुसार सोमवार को उद्धव ठाकरे द्वारा बुलाई गई बैठक में शिवसेना के 19 में से 11 सांसद ही पहुंचे। बैठक में मौजूद शिवसेना सांसद संजय राउत ने साफ तौर पर यशवंत सिन्हा को समर्थन देने की बात कही। वे चाहते हैं कि शिवसेना विपक्ष के साझा उम्मीदवार का समर्थन करे। इस पर कुछ सांसदों ने असहमति जताई। उनका कहना था कि हमें मुर्मू का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे से भी अपील की कि वे द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करें। अब ठाकरे ही इस बारे में अंतिम फैसला लेंगे।

### 11 सांसद शिंदे गुट के संपर्क में : दानवे

सूत्रों के अनुसार शिवसेना की बैठक में 19 में से सिर्फ 11 सांसदों के पहुंचने पर भी सवाल उठाए गए। इस बीच केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे ने दावा किया कि शिवसेना के 12 सांसद शिंदे गुट के संपर्क में हैं।

### अब सभी को सभी से खतरा है-राउत

वहीं संजय राउत ने मंगलवार की सुबह शायर जौन एलिया का एक शेर ट्वीट करते हुए लिखा, 'अब नही कोई बात खतरे की, अब सभी को सभी से खतरा है।' इस ट्वीट में संजय राउत ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र सीएमओ, देवेंद्र फडणवीस, उद्धव ठाकरे और प्रियंका गांधी को भी टैग किया है।

## IAS एम गीता डेढ़ माह बाद वेंटिलेटर से आई बाहर,स्वास्थ्य में लगातार हो रहा है सुधार

**नई दिल्ली, 12 जुलाई 2022।** छत्तीसगढ़ कैडर की IAS अफसर डॉ. एम.गीता की हालत में लगातार सुधार हो रहा है। करीब डेढ़ माह तक वेंटिलेटर में रहने के बाद अब वे बाहर निकल आई हैं। बता दें कि डॉ. एम.गीता का इलाज दिल्ली के बी.एल. कपूर हॉस्पिटल में चल रहा है। वे केन्द्रीय कृषि मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर हैं। पूर्व में वे रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल गई थीं और वहां बेहोश होकर गिर पड़ीं। इसके बाद से वे अस्पताल में भर्ती थीं। डॉ. गीता किडनी की बीमारी से जूझ रही हैं, और उनका उपचार चल रहा था।



चिकित्सकीय सूत्रों के मुताबिक डेढ़ माह वेंटिलेटर में रहने के बाद अब बाहर निकल आई हैं। वो लगातार मूवमेंट भी कर रही हैं। बताया जा रहा है कि वे अभी बात नहीं कर पा रही हैं, लेकिन परिजनों को पहचान रहीं हैं। चिकित्सक डॉ. गीता के स्वास्थ्य सुधार की दिशा में अच्छा संकेत मान रहे हैं। अभी कुछ दिन और अस्पताल में रहेंगी। डॉ. गीता छत्तीसगढ़ सरकार में महिला बाल विकास और कृषि विभाग में सचिव के पद पर थीं। इसके बाद उनकी पोस्टिंग दिल्ली में आवासीय आयुक्त के पद पर हुई, और वहां से वे केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर चली गईं।

### गर्लफ्रेंड ने तुड़वा दी लिव इन पार्टनर की शादी

**इंदौर,12 जुलाई 2022।** एक गर्लफ्रेंड ने लिव इन पार्टनर में रह रहे दोस्त की शादी तुड़वा दी। गर्लफ्रेंड ने पहले लिव इन पार्टनर की मंगेतर का सोशल मीडिया पर नंबर खोजा। इसके बाद उसको रेप की कापी भेज दी। बताया जा रहा है कि जैसे ही एफआईआर की कापी लड़की के परिवार वालों के पास पहुंची वैसे ही हड़कंप मच गया और देखते ही देखते लड़की वालों ने रिश्ता तोड़ दिया। यह प्रकरण मालवा मिल में रहने वाली एक युवती से जुड़ा है। आरोपी युवक का नाम अमूल गवली है। आरोपी अमूल पीथमपुर की माइलोन कंपनी में सुपरवाइजर है और इंदौर में सी सेक्टर सुखलिया रहता है। अमूल गवली की शादी महाराष्ट्र की चंद्रपुर की युवती से तय हुई थी। नौ जुलाई को दोनों की शादी पूर्णानगर के बालाजी गार्डन में होना थी।

## केरल में आरएसएस कार्यालय पर फेंका गया बम,खिड़की शीशे टूटे, मौके पर पहुंची पुलिस टीम

**कन्नूर, 12 जुलाई 2022।** केरल के कन्नूर जिले के पय्यानुर में आरएसएस कार्यालय पर बम फेंकने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पय्यान्नूर पुलिस के अनुसार, यह घटना मंगलवार सुबह हुई, हमले में इमारत की खिड़की के शीशे टूट गए। इस घटना में फिलहाल किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।




### भाजपा ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण

इस घटना पर भाजपा के टॉम वडक्कन ने टिप्पणी करते हुए लिखा कि यह चौंकाने वाला और दुर्भाग्यपूर्ण है कि कानून और व्यवस्था की स्थिति सामाजिक संगठनों पर बम फेंकने के स्तर तक बिगड़ गई है। यह नागरिक समाज में स्वीकार्य नहीं है। इससे पहले भी आरएसएस कार्यकर्ताओं पर हमले हुए हैं। इस तरह की कानून-व्यवस्था की स्थिति से जल्दी से निपटना होगा।

## एक बार फिर महंगाई का झटका,18 जुलाई से बढ़ जाएंगी इन चीजों की कीमतें

**नई दिल्ली, 12 जुलाई 2022।** लोगों को एक बार फिर महंगाई का झटका लगने वाला हैं। कई वस्तुओं और सेवाओं पर लगाने वाले जीएसटी में बदलाव किया गया है। ये नियम 18 जुलाई से लागू हो जाएगा। जीएसटी लागू होने के बाद पहली बार टैक्स लगाने जा रहा है। जीएसटी के दायरे में टेट्रा पेक वाली दही, लस्सी, छाछ और अस्पताल में बिना आईसीयू वाले 5000 रुपए से अधिक का कमरा लेने को शामिल किया गया है।



इन उत्पादों पर सरकार ने 5 फीसदी जीएसटी लगाने का फैसला किया है। इन सभी वस्तुओं पर जीएसटी की दर को 12 फीसदी से बढ़ाकर 18 फीसदी कर दिया है। इसके साथ ही बैंक की ओर से चेकबुक जारी करने पर ली गई फीस पर भी अब 18 फीसदी जीएसटी लगेगा।

इसके साथ ही इन वस्तुओं के बढ़ दाम सकते हैं। जिसमें एलईडी लाइट्स, एलईडी लैम्प्स, चाकू, ब्लेड, पेपर कैंची, चम्मच, कांटे वाले चम्मच, स्किमर्स, केक-सर्वर्स, मैप्सम चार्ट्स आदि की कीमतों में इजाफा हो सकता है। क्योंकि सरकार की ओर से

वहीं सरकार ने इस पर जीएसटी की दर 18 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी कर दी है। इसके साथ ही स्प्लिंट्स और अन्य फ्रैक्चर उपकरण, शरीर के कृत्रिम अंग, बॉडी इंप्लाट्स (जो किसी दोष या अक्षमता की भरपाई के लिए पहने जाते हैं या शरीर में प्रत्यारोपित किए जाते हैं) और इंट्राओकुलर लेंस पर अब 5 फीसदी जीएसटी लगेगा जो कि पहले 12 फीसदी थी। वहीं निजी संस्थाओं/ विक्रेताओं द्वारा डिफेन्स फोर्सेज के लिए आयत की गई वस्तुओं को भी जीएसटी के दायरे से बाहर कर दिया गया है।

## टोल प्लाजा कर्मचारियों से भिड़े 'द ग्रेट खली'!

**नई दिल्ली, 12 जुलाई 2022।** WWE के पूर्व स्टार 'द ग्रेट खली'यानी दलीप सिंह राणा सुर्खियों में छाए हुए है, हालांकि इस बार वो रेसलिंग को लेकर नहीं बल्कि किसी और वजह से चर्चा में है। इस बार वे टोल प्लाजा के कर्मचारियों से हुई तू-तू - मैं-मैं और लड़ाई को लेकर सुर्खियों में है। खली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें उन्हें कर्मचारियों से भिड़ते हुए देखा जा सकता है। पंजाब के फिल्लोर टोल प्लाजा कर्मचारियों ने दावा किया कि ID Card मांगे जाने पर खली भड़क गए और उन्होंने कर्मचारी को थप्पड़ जड़ दिया।



ये मामला तब हुआ जब खली जालंधर से करनाल जा रहे थे। कर्मचारियों ने खली पर बैरियर हटाकर अपनी कार निकाल ले जाने का भी आरोप लगाया। वीडियो में देखा जा सकता है कि जब एक कर्मी खली को बैरियर हटाने से रोकता है तो वो उसे बाजू से पकड़कर हटा देते हैं।

### खली ने दी सफाई

हालांकि, खली ने सभी आरोपों के खारिज करते हुए कहा कि टोल कर्मचारी फोटो खिंचवाने के लिए उनकी कार में घुस रहा था और उसे ऐसा करने से रोकने पर ही विवाद हुआ। खली ने ये भी कहा कि टोल कर्मचारी उन्हें ब्लैकमेल कर रहे थे। बता दें कि द ग्रेट खली भारतीय जनता पार्टी के नेता भी हैं।

## अगले साल भारत होगा दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश,2022 में 8 अरब तक पहुंच जाएगी दुनिया की आबादी

**नई दिल्ली, 12 जुलाई 2022।** आज यानि 12 जून को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जा रहा है। आज ही संयुक्त राष्ट्र ने अपनी नई रिपोर्ट 'विश्व जनसंख्या सम्भावना 2022' जारी की है। रिपोर्ट में इस बात की संभावना जताई गई है कि इस वर्ष नवंबर तक दुनिया की आबादी 8 अरब का आंकड़ा छू लेगी। इसमें ये भी कहा गया है कि अगले वर्ष भारत दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन जाएगा।

### 2080 का दशक जनसंख्या वृद्धि का स्तर होगा सबसे अधिक

विशेषज्ञों का मानना है कि दुनिया की आबादी का सबसे अधिक स्तर वर्ष 2080 के दशक में आ सकता है। उस वक्त दुनिया की आबादी करीब 10.40 अरब तक होगी। इसका ये स्तर वर्ष 2100 तक बरकरार रह सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1950 के दशक के बाद यह पहली बार है, जब जनसंख्या अपनी सबसे कम रफ्तार से बढ़ रही है। वर्ष 2020 में यह दर घटकर एक फीसदी से भी कम रह गई।



### प्रजनन दर में आई कमी

रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के कई देशों में प्रजनन दर हाल के देशों में काफी कम रही है। विश्व की दो-तिहाई आबादी उन देशों या क्षेत्रों में रहती है जहां जीवनकाल प्रजनन क्षमता प्रति महिला 2.1 जन्म से भी कम है। निम्न मृत्यु दर वाले देशों में यह स्तर लान्ग टर्म में जीरो के आसपास ही है। वहीं 61 देशों या क्षेत्रों में, अगले तीन दशकों के दौरान आबादी के कम से कम एक फीसद कम होने की भी उम्मीद इस रिपोर्ट में जताई गई है।

### वैश्विक महामारी का भी असर

रिपोर्ट की मानें तो कोरोना महामारी का असर भी जनसंख्या की आबादी पर दिखाई दिया है। कुछ देशों में इसकी वजह से छोटे समय के लिए ही सही लेकिन प्रेगनेंसी और बर्थ रेट में गिरावट दर्ज की गई है। जन्म के समय वैश्विक स्तर पर जीवन प्रत्याशा वर्ष 2021 में घटकर 71 वर्ष हो गई है, जबकि 2019 में यह 72.9 थी।

## संपादकीय

# राष्ट्रपति चुनाव का मुद्दा

संभवतः द्रौपदी मुर्मू भारत की पहली आदिवासी राष्टपति बन जाएंगी। लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि देश में आदिवासियों के खिलाफ अत्याचार बढ़ता ही जा रहा है।

राष्टपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा की सत्ता पक्ष की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू से यह मांग दिलचस्प है कि वे रबर स्टांप राष्टपति नहीं बनेंगी। सिन्हा चूंकि उनके प्रतिद्वंद्वी हैं, इसलिए मुर्मू को इस मुद्दे पर कठघरे में खड़ा करने की उनकी रणनीति समझी जा सकती है। लेकिन अगर इस मांग का सार ढूंढने की कोशिश की जाए, तो असल सवाल यह उठेगा कि आखिर मुर्मू को सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने किस आधार पर देश के सर्वोच्च पद के लिए उम्मीदवार बनाया है। संभवतः राजनीति में उनकी कम पहचान (लो प्रोफाइल) और आदिवासी समुदाय से उनका आना ये दो पहलू हैं, जिनकी वजह से निर्णय उनके पक्ष में गया। इन दोनों आधारों पर राष्टपति उम्मीदवार का चयन सिर्फ भाजपा ने किया हो, यह नहीं कहा जा सकता। बल्कि उसके पहले भी इसका एक इतिहास है। बहरहाल, ना तो पहले ऐसा हुआ और ना अब ऐसा होगा कि किसी प्रतीकात्मक कारण से ऊंचे पद पर किसी को बैठा देने से किसी समुदाय विशेष का भला होगा- या चूंकि वह व्यक्ति उपेक्षित और शोषित माने जाने वाले समुदाय से आता है, इसलिए उससे किसी अलग प्रकार के राजनीतिक व्यवहार की उम्मीद रहेगी।

भाजपा संभवतः राष्टपति पद के लिए अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए आंकड़े जुटा लेगी। इस तरह द्रौपदी मुर्मू भारत की पहली आदिवासी राष्टपति बन जाएंगी। लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि देश में आदिवासियों के खिलाफ अत्याचार बढ़ता ही जा रहा है। राष्टीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो दलितों और आदिवासियों के खिलाफ अपराध के अलग से आंकड़े इकट्ठा करता है। ब्यूरो की रिपोर्टें हकीकत का पर्दाफाश करती हैं। ब्यूरो की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक 2020 में देश में अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ अत्याचार के 8,272 मामले दर्ज किए गए, जो 2019 के मुताबिक 9.3 प्रतिशत का उछाल है। अभी तीन दिन पहले ही मध्य प्रदेश में एक आदिवासी महिला पर जमीन के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने उनके खेत में हमला किया और उनके शरीर पर डीजल छिड़क कर आग लगा दी। प्रश्न है कि रामप्यारी जैसी महिलाओं को मुर्मू के राष्टपति बनने से क्या मिलेगा? मौजूदा चुनाव के संदर्भ में यही सवाल सबसे अहम है, जिसे बार-बार पूछा जाना चाहिए

# गुरू बिन कुछ भी ज्ञान न होए



-योगेश कुमार गोयल-
नजफगढ़, नई दिल्ली

प्राचीन काल से ही गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु की पूजा करने का चलन है। इस वर्ष गुरु पूर्णिमा 13 जुलाई को मनाई जा रही है। दरअसल प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। गुरु पूर्णिमा का संबंध महाभारत के रचयिता महर्षि श्रीकृष्ण द्वैपायन से जुड़ा है, जिनका जन्म इसी दिन हुआ माना जाता है। संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान महर्षि द्वैपायन ने ही सनातन धर्म के चारों वेदों की रचना की थी, इसीलिए उन्हें महर्षि वेद व्यास के नाम से जाना गया। वैसे तो गुरु पूर्णिमा का पर्व शास्त्रों में गुरुओं को समर्पित है लेकिन सही मायनों में यह आदिगुरु वेद व्यास के सम्मान में ही मनाया जाता है और इसीलिए इसे 'व्यास पूर्णिमा' भी कहा जाता है। महर्षि वेद व्यास ने एक लाख श्लोक वाला महाभारत, 18 पुराण और ब्रह्मा-सूत्र की रचना के साथ एक वेद को चार वेदों में विस्तारित कर समस्त संसार को ज्ञान से प्रकाशित किया था, इसीलिए उन्हें आदि-गुरु का दर्जा प्राप्त है। हिन्दू धर्म में तो गुरु को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है और गुरु की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा भी गया है कि गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है, गुरु ही शंकर है, गुरु ही साक्षात् परब्रह्म है, ऐसे सद्गुरु को प्रणाम।

गुरु को गुरु इसीलिए कहा जाता है क्योंकि वह अज्ञान रूपी अंधकार को हटाकर जीवन को ज्ञान रूपी प्रकाश से आलोकित करता है। ज्ञान की रोशनी सभी प्रकार के अंधकार को मिटा देती है, इसीलिए जीवन में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है। 'गुरु' में 'गु' शब्द का अर्थ है अंधकार (अज्ञान) और 'रु' का अर्थ है उसे मिटाने वाला और इस प्रकार गुरु का अर्थ हुआ अंधकार रूपी अज्ञान को मिटाने वाला। गुरु ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है, जो अंधकार को मिटाकर प्रकाश के उजाले से हमारी अंतरात्मा और मन को प्रकाशित कर सकता है। एक अच्छा गुरु जीवन में रोशनी लाने का कार्य करता है, जिससे जीवन प्रकाशमान हो जाता है। गुरु साधक के अज्ञान को मिटाता है, ताकि वह अपने भीतर सृष्टि के स्रोत का अनुभव कर सके। शास्त्रों में अज्ञान रूपी अंधकार को नष्ट करने वाला जो ब्रह्म रूप प्रकाश है, वही गुरु है अर्थात् अंधकार को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को ही 'गुरु' कहा जाता है। गुरु की महिमा का बखान करते हुए संत कबीरदास कहते हैं:-

भली भई जो गुरु मिल्या, नहीं तर होती हाणि।
दीपक दिष्टि पतंग ज्यूं, पड़ता पूरी जाणि।

कबीरदास के इस दोहे का अर्थ है कि अच्छा हुआ जो गुरु मिल गए, अन्यथा तो मेरी हानि ही होती। जैसे दीपक की अग्नि की ओर पतंगे आकृष्ट हो जाते हैं, वैसे ही मैं भी विषय वासनाओं और माया की और आकृष्ट हो जाता और परिणामस्वरूप अमूल्य जीवन को नष्ट कर देता। मनुस्मृति के अनुसार ऐसे व्यक्ति को ही गुरु बनाना चाहिए, जो क्षमा, दया, तपस्या, पवित्रता, यम, नियम, दान, सत्य, विद्या, संतोष इत्यादि दस गुणों से सम्पन्न हो। गुरु की कृपा से ही विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति होती है और उनके अंदर का अज्ञान तथा अंधकार दूर होता है। गुरु कृपा से ही विश्व के समस्त सुखों, ऐश्वर्य और स्वर्ग की सम्पदा प्राप्त हो सकती है, जो बड़े-बड़े योगियों को भी नसीब नहीं होती। गुरु तथा देवता में समानता के बारे में कहा गया है कि देवताओं के लिए जैसी भक्ति की आवश्यकता है, वैसी ही गुरु के लिए भी है। अच्छे गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार भी संभव है लेकिन गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं। वैसे तो गुरु को सभी धर्मों में विशेष महत्व दिया जाता रहा है लेकिन एक अच्छे गुरु का स्थान हिन्दू धर्म में भगवान से भी बढ़कर है।

गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागु पांव,
बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए।

शास्त्रों में कहा गया है कि गुरु के बिना ज्ञान प्राप्त करना कठिन है और अगर शिष्य को अपने गुरु पर पूर्ण विश्वास हो तो उसका बुरा स्वयं गुरु भी नहीं कर सकते। गुरु पूर्णिमा को बौद्ध धर्म के अनुयायी गौतम बुद्ध द्वारा सारनाथ में दिए गए पहले उपदेश के सम्मान में मनाते हैं। सिख धर्म में केवल एक ईश्वर और अपने सभी दसों गुरुओं की वाणी को ही जीवन के वास्तविक सत्य के रूप में मानते है। जैन धर्म के अनुसार इस दिन को चौमासा अर्थात चार महीने के बारिश के मौसम की शुरुआत के रूप में तथा त्रीनोक गुहा पूर्णिमा के रूप में माना जाता है। गुरु पूर्णिमा का पर्व वास्तव में मानव जीवन में गुरु के विशिष्ट स्थान को दर्शाता है। एक दोहे में गुरु की महिमा के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा गया है:-

गुरु को पारस जानिए, करे लौह को स्वर्ण।
शिष्य और गुरु जगत में, केवल दो ही वर्ण।

# हमें भी सतर्क रहने की जरूरत तो है



कृष्ण कुमार निर्माण
करनाल,हरियाणा।

पहली बात तो यह तय जान लीजिए कि जैसा हमारे पड़ौसी देश श्रीलंका में हो रहा है,वैसा कभी भी भारत में नहीं होगा क्योंकि ये भारत देश है और इसकी अपनी ऐसी कुछ विशेषताएं हैं जो इसे पूरे विश्व के समस्त देशों से अलग करती हैं।हमारी अपनी सर्वोत्तम विदेश नीति है।पर यह बात भी उतनी ही सच और सही है कि हमें असफल देशों की गलतियों से भी सीखना चाहिए और सफल देशों की सही नीतियों से भी सीखना चाहिए।साथ ही यह बात हमेशा ध्यान में रखनी चाहिए कि यदि पड़ौसी के घर आग लग जाए तो क्या हम यह भी न सोचें कि पड़ौसी के घर में आग क्यों लगी?और उन कारणों को जानकर कुछ इंतजामात कर लिए जाएं ताकि भविष्य में हमारा घर सुरक्षित रहे।साथ ही सबसे पहले मानवता यह कहती है कि उस पड़ौसी की जो भी हमसे बन पड़े,वह सहायता करनी चाहिए।निश्चित रूप से भारत सरकार इस समय जो कार्य कर रही है,वह सहरानीय है क्योंकि यही भारत की वह विशेषता है जिसकी चर्चा हमने ऊपर की है।खैर,मानवीय सहायता का काम चलता रहना चाहिए क्योंकि इस समय यह बेहद जरूरी है,मानवीय आधार पर भी और विदेश नीति के तहत भी क्योंकि कहीं इस स्तिथि का लाभ उठाकर चीन भी श्रीलंका को हड़प सकता है।पर साथ ही यह भी विचार करने की जरूरत है कि आखिर ऐसे कौन-से कारण हैं जिनसे श्रीलंका में इस तरह के हालाता पैदा हुए।विदेशी मामलों के जानकार बताते हैं कि उन हालातों में एक है भाषाई मुद्दा,जिसका आधार बनाकर वहाँ के कम संख्या वाले लोगों के साथ अन्याय किया गया और नारा यहाँ तक लगाया गया कि यदि श्रीलंका में रहना है तो तमिल भाषा को छोड़ना होगा और सिंहली भाषा को अपनाना होगा।इस विषय को लेकर एक तरह से श्रीलंका बंट-सा गया था परिणामस्वरूप दिक्कतें पैदा होती रही।पर वहाँ की सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दिया और अप्रत्यक्ष रूप से इस अन्याय का समर्थन किया।वैसे भी इतिहास बताता है कि जब-जब भी ज्यादा संख्या वाले लोगों ने कम संख्या वाले लोगों पर मनमाने अत्याचार किए हैं तब-तब विकास नहीं विनाश ही हुआ है।खैर,दूसरी मुख्य बात यह जिसके कारण श्रीलंका को आज की भयावह स्तिथि का सामना करना पड़ रहा है,वह है वहाँ की सरकार द्वारा मनमाने निर्णयों का लिया जाना,जिसे ठीक बताकर जनता को,विपक्ष को गुमराह किया गया और न विपक्ष की सुनी गई और न ही जनता की,आखिर गलत निर्णय कब तक ठहरते?और आज श्रीलंका को पूरा विश्व देख रहा है,वह भी जब कि श्रीलंका एक ऐसा देश होता था जिसकी मजबूत आर्थिक स्तिथि थी,हमारे यहाँ तो उसे सोने की लंका भी कहा जाता रहा है लेकिन मनमाने फैसलों में कारण दिक्कतें बढ़ती गई।खैर,जिस स्तिथि में श्रीलंका आज पहुँचा है,उसका मुख्य कारण यह भी है कि वहाँ की सरकार ने सत्ता में आने के लिए जनता को काफी बड़े-बड़े सपने दिखाए पर उनमें से एक भी पूरा नहीं किया परिणाम स्वरूप जनता का गुस्सा बढ़ता गया।खैर,श्रीलंका की मुद्रा डॉलर के मुकाबले गिरती रही,विदेशी कर्ज बढ़ता रहा,निरंतर बेरोजगारी बढ़ती गई और महंगाई आकाश को चूमती रही और सरकार तमिल और सिंहली भाषा के फेर में उलझी हुई अपने ही निर्णयों को सही ठहराती रही और इधर जनता का गुस्सा बढ़ता ही रहा।साथ ही वहाँ की सरकार मजे लेती रही,जिसकी तस्वीर सामने आ रही हैं।वहाँ की मीडिया का रोल कुछ ठीक नहीं रहा वरना तो हालात कुछ बदले जा सकते थे क्योंकि जब मीडिया ही सरकार के गुण गाने लग जाए तब समझ लीजिए कि कहीं कुव्ह गड़बड़ जरूर है।अंततः जनता के सब्र का बांध टूट ही गया,टूटना ही था और याद रखिए जब भी जनता के सब्र का बांध टूटता है तब वही कविता साकार होती चली जाती है कि-सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।और जब जनता आती है तो हिटलर और मुसोलनी जैसों को भी भागना पड़ता है जैसे कि गोटाबाया भाग खड़े हुए हैं और पीएम बदलने के बाद भी कुछ हल नहीं हुआ।आखिरकार राष्टपति,उस राष्टपति के हाउस पर जनता ने कब्जा कर लिया,जिसने सत्ता के नशे में मनमाने तरीके से फैसले लेकर खुद को इतना ताकतवर बना लिया था कि वो जनता को ही भूल गया और सच में खुदा ही बन बैठा था।आज श्रीलंका में उसी आलीशान हाउस पर जनता का कब्जा है क्योंकि याद रखिए जब भी कोई राजा खुद को स्वम्भू घोषित कर देगा तब कभी-ना-कभी जनता उसे धूल जरूर चटाएगी क्योंकि यही नियम भी है।पीएम के घर को ही आग लगा दी गई क्योंकि जब कानून जनता के लिए ना हो और जनता बार-बार अनुरोध करके तंग आ जाए फिर ऐसा ही होता है।इसलिए श्रीलंका की घटना को आकस्मिक न माना जाए बल्कि इसके लिए सीधे तौर वहाँ की सरकार जिम्मेदार है।इसलिए तमाम विश्व के लिए श्रीलंका से सबक लेने की जरूरत है क्योंकि सबक नहीं लिया गया तो श्रीलंका वाला हाल होते देर नहीं लगेगी।बहुत सारे देश इस मुहाने पर खड़े हैं जिसकी बानगी ब्रिटेन के पीएम जॉनसन का इस्तीफा और अमेरिका के सबसे झूठे पीएम डोनाल्ड का हश्र हम सबको पता है और श्रीलंका को हम देख ही रहे हैं।इसलिए विश्व के तमाम देशों को जनता के लिए काम करने की सख्त जरूरत है,महंगाई पर रोक लगाने की,रोजगार के अवसर बढ़ाने की,वैमनस्य और नफरत घटाने की,मनमाने निर्णय ना लेने की और चुनाव के दौर में बढ़ा-चढ़ाकर सपने न दिखाने की जरूरत है,नहीं तो किसी को भी श्रीलंका बनते देर नहीं लगेगी।

### गुरु के चरणों में अपने समस्त अहंकार,घमंड,अभिमान,भ्रष्टाचारी मानसिकता अर्पित कर दें

# यही हमारी सच्ची गुरु दक्षिणा होगी

**ब्रह्म ज्ञान का दीप जला कर करें अज्ञान का दूर अंधेरा**



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

गुरु मेरी पूजा गुरु गोविंद गुरु मेरा पारब्रह्म गुरु भगवंत, गुरु मेरा ज्ञान ह्रदय ध्यान गुरु गोपाल पुरख भगवान, गुरु जैसा नहीं को देव, जिस मस्तक भाग सो लागा सेव इत्यादि माननीय गुरुवर की महिमा के अनेक आध्यात्मिक भजन हम अनेक बार शिद्दत से सुनते गाते आ रहे हैं क्योंकि भारत माता की मिट्टी से ही मानवीय जीव की रग रग में आध्यात्मिकता, माता पिता गुरुवर के प्रति सम्मान आस्था समर्पण का भाव समाया हुआ है। मेरा मानना है कि जितनी आध्यात्मिकता की श्रद्धा भारत में है शायद ही यह विश्व के किसी भी अन्य देश में होगी। यहां सदियों से माता-पिता और आचार्य को गुरु का दर्जा दिया जाता है भारतीय संस्कृति की पहचान है कि, मातृमान् पितृमानाचार्यवान पुरूषो वेदः। % (अर्थात, जब तीन उत्तम शिक्षक अर्थात एक माता, दूसरा पिता और तीसरा आचार्य हो तो तभी मनुष्य ज्ञानवान होगा।) %प्रशस्ता धार्मिकी विदुषी माता विद्यते यस्य स मातृमान। पितृ देवो भव। आचार्य देवो भव। अतिथि देवों भव। अर्थात् माता को, पिता को, आचार्य को और अतिथि को देवता के समान मानकर उनके साथ व्यवहार करो। गुरुर्ब्रह्मा ग्ररुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः।।गुरु ब्रह्मा है, गुरू विष्णु है, गुरू महेश्वर अर्थात भगवान शंकर है। गुरु ही साक्षात परम ब्रह्म सर्वशक्तिमान है, ऐसे गुरु को मेरा नमस्कार। (उक्त श्लोक में गुरू की महत्ता स्पष्ट करते हुए गुरु को परम ईश्वर के तुल्य बताकर वंदना की गई है।)

इसलिए आज गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर हम माता पिता गुरु की विस्तार से चर्चा इस आर्टिकल के माध्यम से करेंगे

साथियों बात अगर हम इस बार गुरु पूर्णिमा की करें तो, इस गुरु पूर्णिमा पर ग्रह नक्षत्रों की युति के हिसाब से 4 राजयोग का निर्माण हो रहा है. ये योग बेहद ख़ास है. जिनकी वजह से 13 जुलाई 2022 दिन बुधवार के दिन पड़ने वाली गुरु पूर्णिमा बेहद खास बन गई है. पंचांग के अनुसार, गुरु पूर्णिमा के दिन मंगल, बुध, गुरु और शनि की स्थिति राजयोग बना रही है. इन ग्रहों के कारण इस दिन रुचक, भद्र, हंस और शश नामक 4 राजयोग बन रहें हैं. इसके अलावा कई सालों बाद गुरु पूर्णिमा के दिन सूर्य-बुध की युति से बुधादित्य योग का निर्माण हो रहा है. ऐसे में हमें यह जान लेना जरुरी हो जाता है कि गुरु पूर्णिमा के दिन क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए।

साथियों बात अगर हम गुरु शिष्य परंपरा की करें तो,गुरु-शिष्य परम्परा आध्यात्मिक ज्ञान को नई पीढ़ियों तक पहुंचाने का सोपान है। भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परम्परा के अन्तर्गत गुरु अपने शिष्य को निस्वार्थ भाव से शिक्षा देता है। जिसके बदले में शिष्य अपने गुरु को शिक्षा समाप्त होने पर गुरुदक्षिणा देता है। बाद वही शिष्य अपने गुरु के बताये हुए मार्गदर्शन पर चलकर समाज सेवा करता है। या फिर गुरु बनकर दूसरों को शिक्षा देता है। जिससे यह कर्म चलता रहता हैगुरु-शिष्य की यह परम्परा ज्ञान के किसी भी क्षेत्र में हो सकती है।जैसेअध्यात्म संगीत, कला, वेदाध्ययन, वास्तु विज्ञान चिकित्सा आदि।

साथियों प्राचीन समय में गुरु आश्रमों में अपने शिष्यों को शिक्षा दिया करते थे। उस समय उनके बीच मधुर सम्बन्ध हुआ करते थे। प्राचीन समय में गुरु शिष्य के बीच अगाध प्रेम हुआ करता था। शिष्य अपने गुरु के प्रति पूर्ण श्रद्धा व समर्पण का भाव रखता था। गुरु निस्वार्थ भाव से अपने शिष्य को शिक्षा दिया करते थे। गुरु और शिष्य के बीच केवल शाब्दिक ज्ञान का ही आदान प्रदान नहीं होता था बल्कि गुरु अपने शिष्य के संरक्षक के रूप में भी कार्य करता था। अतः गुरु कभी भी अपने शिष्य का अहित नहीं चाहता है। वह हमेशा अपने शिष्य का भला सोचता है। शिष्य का यही विश्वास गुरु के प्रति उसकी अगाध श्रद्धा और समर्पण का कारण रहा है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष्य की करें तो जितना माता-पिता और आचार्य को देव समझने वाली इस भव्य भारतीय संस्कृति का गुणगान किया जाए उतना ही कम है परंतु वर्त्तमान समय में यह स्थिति बिल्कुल उलट है। आज आश्रमों की जगह स्कूल कॉलेज ने ले ली है। और गुरु शिष्य का सम्बन्ध वैसा नहीं रहा जैसा प्राचीन समय में रहता था। आज गुरु शिष्य के सम्बन्ध सही नहीं है। और गुरु शिष्य का सम्बन्ध स्वार्थ से पूर्ण हो गया है। गुरु शिष्य परम्परा समाप्त सी हो गयी है।इस कराल काल में आज भौतिकवाद के प्रभाव में व्यक्तिवादी भोगवादी तथा स्वार्थपरायणता का तांडव नृत्य हो रहा है वहां मानव जीवन में इन दिव्य और उदार विचारों की विलुप्तता की ओर कदम बढ़ाने को रेखांकित करना जरूरी है। कदाचित कुछ संस्कारी परिवार उपरोक्त संस्कृति के श्लोकों और विचारों का सिंचन अपनी पीढ़ी में करते भी होंगे परंतु पाश्चात्य संस्कृति के बदलते प्रभाव को रोकने के लिए बड़े बुजुर्गों बुद्धिजीवियों को आगे आकर जागरूक करने और एक्शन उठाने का समय आ गया है।

साथियों बात अगर हम गुरु के महत्व की करें तो, गुरु कोई साधारण इंसान नहीं होता है। गुरु ही एक जरिया है जिसके बताये हुए पद चिन्हो पर चलने से कठिन से कठिन मुकाम को हासिल किया जा सकता है। इसीलिए हमेशा गुरु का पूर्ण सम्मान करे। गुरु की आज्ञा का पालन करना चाहिए। एक गुरु ही हमें समाज में अपनी पहचान बनाने की शिक्षा देता है। प्राचीन समय से लेकर वर्तमान तक गुरु का स्थान सर्वोपरि रहा है। जीवन में अगर गुरु का आशीर्वाद हो तो बड़ी से बड़ी कठिनाईयों से मुकाबला किया जा सकता है।

साथियों जिस तरह एक बच्चे की माँ उसकी प्रथम गुरु होती है जिसे वो खाना पीना, बोलना, चलना, आदि तौर तरीके सिखाती है। ठीक उसी तरह गुरु अपने शिष्य को जीवन जीने का तरीका बताता है। उसे सफलता के हर वो पहलु बताता है जो उसके लिए उपयुक्त हो। इस संसार सागर में सफलता पाने के लिए हर किसी को गुरु की आवश्यकता होती है। गुरु के बिना सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती है। एक गुरु ही होता है जो निस्वार्थ भाव से अपने शिष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। तभी तो गुरु शब्द में ÷गु÷ का अर्थ अंधकार (अज्ञान) और ÷रु÷ काअर्थ प्रकाश (ज्ञान) होता है। भारतीय संस्कृति में गुरु का बहुत महत्व है। इसीलिए गुरु को ब्रह्मा-विष्णु-महेश' कहा गया है तो कहीं 'गोविन्द'। इस दुनिया में ऐसा कोई इंसान नहीं है जो बिना गुरु के सफल हुआ हो। यदि डॉक्टर, वकील, इंजीनियर समाज सेवक,ट्रेनर,सैनिक, आदि बनाना चाहते है तो इसके लिए आपको उसी क्षेत्र के एक गुरु की आवश्यकता होती है। यही गुरु आपको सफलता के द्वार तक लेकर जाता है।

साथियों इसीलिए हमेशा गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा होनी चाहिए। गुरु के बिना जीवन अपूर्ण है। आपको कोचिंग,स्कूल, कॉलेज, खेल,आदि जगह पर गुरु की आवश्यकता पड़ती है। अतः गुरु के महत्व को समझे। गुरु के सेवा करे। इसीलिए हमें चाहिए के गुरु के चरणों में अपने समस्त अहंकार घमंड अभिमान भ्रष्टाचारी मानसिकता अर्पित कर दें यही सच्ची गुरु दक्षिणा होगी। ब्रह्म ज्ञान का दीप जला कर करे अज्ञान का दूर अंधेरा ऐसा सतगुरु है मेरा।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि गुरुर्ब्रह्मा ग्ररुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः।।गुरु के चरणों में अपने समस्त अहंकार घमंड अभिमान भ्रष्टाचारी मानसिकता अर्पित कर दें यही हमारी सच्ची गुरु दक्षिणा होगी। ब्रहम्म ज्ञान का दीप जला कर करे अज्ञानता का दूर अंधेरा ऐसा सतगुरु है मेरा।

# पढ़ाई के लिए हॉस्टल सही या घर



भावना ठाकर भावु
बेंगलोर, कर्नाटक

प्राचीन काल में बच्चों को गुरूकुलों में शिक्षा दी जाती थी ताकि विद्यार्थी घर के उन्मुक्त वातावरण एवं समस्त आकर्षणों से दूर रहे और एकान्त में एकाग्रचित होकर पढ़ाई कर सकें। आज के युग में इस प्रकार के गुरूकुल तो सम्भव नहीं पर हॉस्टलों की व्यवस्था जरूर है। पर कहाँ गुरुकुल का शिस्त सभर वातावरण और कहाँ आजकल की होस्टलें।

आज अधिकतर अभिभावक असमंजस में रहते है कि बच्चों की शिक्षा के लिए घर का माहौल सही होता है, या हॉस्टल का। जैसे हर चीज़ के दो पहलू होते है वैसे हॉस्टल के वातावरण के बारे में भी यही कह सकते है। एक बात तो है की सारा दारोमदार बच्चों की परवरिश और उनकी निर्णय शक्ति पर होता है।

पँक से करके भी प्रीत कुमुद निर्मल निश्चल रह पाता है, जैसी सोहबत वैसी असर कथन का खंडन कर जाता है÷

कमल किचड़ में खिलकर भी अपनी सुंदरता बरकरार रखता है वैसे ही वातावरण चाहे कैसा भी हो, जो छात्र एक लक्ष्य के साथ हॉस्टल में रहते है उन पर वातावरण का असर नहीं होता।

ज़्यादातर लोगों का सोचना है कि हॉस्टल में रहकर बच्चें उच्छृंखल हो जाते है, बिगड़ जाते है। हॉस्टल का स्वतंत्र माहौल बच्चों को लापरवाह और गलत दिशा में ले जाता है। पर ये गलत बात है, स्वतंत्रता का दुरुपयोग करने वाले कुछ ही बच्चें होते है, जो बिगड़ जाते है। वह जिन्हें घर में सख़्ती और हर बात पर पाबंदी वाला वातावरण मिला हो या दूसरों का अंधा अनुकरण करने की आदत हो। हॉस्टल में रहने वाले बच्चों को विचार करना चाहिए कि उन्हें उनके माता-पिता ने बड़े विश्वास के साथ भविष्य निर्माण हेतु भेजा है कुछ बनने के लिए और अपना भविष्य सँवारने हेतु भेजा है।

बच्चे अपने जीवन में कुछ करे, आगे बढ़े इसके लिए माँ-बाप बच्चों को हॉस्टल में भेजते तो है। पर बच्चों को हॉस्टल में डालने से पहले कई बातों का ध्यान रखना चाहिए। सबसे पहले तो बच्चों की मर्ज़ी जानिए क्या वो हॉस्टल में रहने के लिए मानसिक रूप से तैयार है। उसके बाद हॉस्टल का माहौल कैसा है, वहाँ का स्टाफ कैसा है, हॉस्टल के वार्डन का बच्चों के प्रति व्यवहार कैसा रहता है, वहाँ के कमरे कैसे हैं, जहाँ हॉस्टल है वहाँ के आस-पास का माहौल कैसा है, हॉस्टल का खान-पान कैसा है, सुरक्षा की क्या व्यवस्था है और सबसे बड़ी बात कि उस हॉस्टल में कोई गलत गतिविधियां तो नहीं होती ऐसी ही कुछ छोटी-मोटी बातों का हॉस्टल का चुनाव करते समय ध्यान रखना चाहिए।

आजकल हॉस्टलों में रैगिंग से लेकर बहुत सारी गंदगियां पनपती रहती है। बच्चें छुप-छुपकर शराब, सिगरेट पीने लगते है और मोबाइल पर पोर्नोग्राफ़ी विडियो देख-देखकर रेड़ लाईट एरिया की मुलाकात भी ले लेते है। और ड्रग्स माफ़िया भी हॉस्टल के आस-पास अपना कारोबार बढ़ाते बच्चों को ड्रग के व्यसनी बना देते है। रैगिंग कमज़ोर मानसिकता वाले बच्चों को अवसाद का भोग बनता देती है।

हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करना गलत नहीं आत्मनिर्भरता की प्रथम सीढ़ी है, जहाँ आत्मविश्वास, मिलनसारिता, सहयोग जैसे गुणों का विकास होता है। बस जरूरत है थोड़ी सावधानी बरतने की। खासकर लड़कियों को हॉस्टल में भेजने से पहले बहुत सारे मुद्दों को ध्यान में रखना पड़ता है। कभी-कभी उनके साथ गलत भी हो सकता है। पर सकारात्मक सोच रखें तो छात्रावासी लड़कियों का अपना एक स्वतंत्र व्यक्तित्व होता है, जिसमें आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान, निर्णय क्षमता और आत्मज्ञान जैसे गुणों का विकास होता है। इसलिए हॉस्टल में रही लड़कियाँ जीवन के हर क्षेत्र में अपनी भूमिका बड़ी सफलतापूर्वक निभाती है। सामाजिक उत्तरदायित्व बखूबी निभाती है। वहाँ माँ का आँचल और पिता की छत्रछाया नहीं मिलती, घर के आत्मीय वातावरण से परे हॉस्टल में कठोर धरातल का सामना होता है, क्योंकि यहाँ किसी तरह का सहारा नहीं होता, इसलिए पराधीनता आत्मनिर्भरता में बदल जाती है इसलिए स्वावलंबन में हॉस्टल की भूमिका उल्लेखनीय है।

हॉस्टल की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में माँ-बाप को पूरी जानकारी रखनी चाहिए। गार्ड कैसे हैं, वार्डन कैसी है उसका व्यवहार बच्चों के प्रति कैसा रहता है। क्योंकि आजकल हॉस्टल में जो वारदातें हो रही है उसमें गार्ड और वार्डन की भूमिका मुख्य होती है। इसलिए सुरक्षा के बारे में पूरी जानकारी रखें।

बच्चों को हॉस्टल भेजने के बाद इन बातों को रखना रखना चाहिए जैसे, सिर्फ पढ़ाई की जानकारी ही न लें पूरा दिन क्या करता है, कहाँ जाता है ये भी पूछें। अकेलापन महसूस न होने दें, बच्चों के पर्सनल लाइफ के बारे में जानकारी लेते रहिए और उसके दोस्तों से सम्पर्क बनाएं रखिए। बच्चों की हर गतिविधियों पर नज़र रखिए। खासकर किसी ओर के बच्चे के साथ तुलना करके परीक्षा में अधिक प्रतिशत मो र्क्स लाने का दवाब बिलकुल न ड़ालें।

यही वजह होती है कि बच्चे तनाव में आकर आत्महत्या कर लेते हैं। अगर अभिभावक बच्चों से हॉस्टल में रहने, खाने के अलावा अन्य टॉपिक पर बात करें तो शायद बच्चों को होने वाली दिक्कतें समय पर पता चल जाए और आत्महत्या की घटनाएं भी कम हो जाएगी।

छात्रावासी लड़कियों तथा लड़कों के बारे में कहा जाता है कि वे घर से दूर रहकर आत्मिक स्तर पर भी दूर हो जाते है तथा घर की जिम्मेदारी उठाने से कतराते है या अक्षम रहते है, परंतु यह बात गलत है। घर से दूर रहने पर ही घर का महत्व समझ में आता है और बच्चें आत्मनिर्भर बन जाते है।

हॉस्टल में पढ़ाई की स्वतंत्रता होती है, जब इच्छा करे तब पढ़ें, किसी तरह की रोक-टोक या दबाव नहीं होता। इसलिए पढ़ाई के प्रति अरुचि नहीं होती। यहाँ स्पर्धा की भावना विकसित होती है, जो पढ़ाई के प्रति लगाव पैदा करती है। विचारों के आदान-प्रदान की जो सुविधाएँ हॉस्टल में मिलती है वह घर में नहीं मिलती। इसलिए सही वातावरण मिले तो पढ़ाई के लिए हॉस्टल लाइफ़ बहुत सुविधाजनक होती है। बदी और अच्छाई हर जगह होती है, हॉस्टल लाइफ़ बच्चों को बिगाड़ भी सकती है और सँवार भी सकती है, बच्चों की समझ पर निर्भर करता है कि वह कौनसी राह चुनना चाहते है।


## गुरु महिमा



सोनल सिंह सोनू
कोलिहापुरी छत्तीसगढ़

गुरु ज्ञान का भण्डार है,
गुरु से ही जगमग ये संसार है।
गुरु की महिमा अपरम्पार है,
गुरु भवसागर कराता पार है।
गुरु अँधकार में प्रकाश है भरता,
स्वयं जलकर उजाला है करता।
शिष्यों से रखता है बेहद लगाव
गुरु शिक्षा का व्यापार नहीं करता।
गुरु की जिस पर हो कृपा,
उसका जीवन सँवर जाए।
गुरु की कृपादृष्टि से,
कोयला कोहिनूर बन जाए।
मैं ईश्वर तुल्य गुरु का,
गुणगान कैसे करूँ?
मैं मूढ़मति चंद शब्दों में,
गुरु का बखान कैसे करूँ?
हे गुरुवर अपनी कृपादृष्टि,
मुझपर बनाये रखना।
आशीष भरा हाथ सदा,
मेरे सर पर सजाए रखना।

## व्यस्त



कल्पना भदौरिया स्वप्निल
लखनऊ उत्तरप्रदेश

जो कहता फिरता बात ये,
नहीं उसे आराम है
अब व्यस्त बहुत है जिंदगी, कर्म
करे निज धाम है
जो व्यस्त समय को साधता, करता
कर्म महान है
वह जीवन के संग्राम में ,पाता
सबसे मान है
व्यस्त मनुज है काम में,
करता लोभ अपार है
भजन करो तुम ईश का,
नश्वर यह संसार है
भूला है सत्कर्म को,
इतना मानव व्यस्त है
करे संपत्ति लालसा,
बहुत काम से पस्त है
मनुज विचारे मन सदा,
वैभव मिले अपार है
दिया जन्म जिसने उसे,
भूला उसको प्यार है
चरण स्वर्ग है मातु के,
मानव भूला आज है
कहता फिरता व्यस्त है,
करता अपने काज है


## तुम बिन



प्रीति चौधरी मनोरमा
बुलंदशहर उत्तरप्रदेश

तुम बिन साँसें लेना दूभर
विरह दंश से मर न जाऊँ।
आकर अब तो दर्श दिखा दो
आहत मन को मैं सहलाऊँ।
हर क्षण बाट जोहते नैना
तुम बिन डसती काली रैना
तुम बिन बेकल मन बंजारा
तुम आओ तो आये चैना।
हृदय-विहग उड़ने को आकुल
किस विधि तेरे पास मैं आऊँ।
तुम बिन साँसें लेना दूभर
विरह दंश से मर न जाऊँ...
हर क्षण तेरी याद सताती
मन में अविरल पीर जगाती
उर जंगल में है दावानल
हाल जिया का तुझे बताती।
कंठ अवरुद्ध न होगा जब तक
तब तक पीड़ा राग सुनाऊँ।
तुम बिन साँसें लेना दूभर
विरह दंश से मर न जाऊँ...
बनकर अम्बुद बरसो साजन
जैसे रिमझिम रिमझिम सावन
अनल हृदय की आज मिटा दो
मरुभूमि लगता है तन-मन।
पी लूँ घूँट-घूँट अमृत रस
प्यासे मन की क्षुधा मिटाऊँ।
तुम बिन साँसें लेना दूभर
विरह दंश से मर न जाऊँ...

## जिंदगी यूं बर्बाद नहीं होती



नीक राजपूत
नई दिल्ली

कभी सुबह तो कभी शाम
नहीं होती।
आजकल उनसे हमारी
बात नहीं होती।
हम मोहोब्बत करने का
ख़्वाब न देखते
ते तो हमारी ज़िंदगी
यूं बर्बाद नहीं होती।
तरस रहें हैं हमारे लब
शिकायत करने को
लेकिन किसीसे रोज
मुलाकात नहीं होती।
बोल रही हैं मेरी खामोशियां
मुझसे अब दिल की जुबान से ये
फरियाद नहीं होती।
ये तो मैं हालातों का सताया हुआ
हूं वरना आज मेरे हाथों में ये
शराब नहीं होती।

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# अम्बिकापुर से दिल्ली तक सीधी ट्रेन सेवा का सपना हुआ पूर्ण,इस रूट से चलेगी ट्रेन

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 12 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** अंबिकापुर से नई दिल्ली तक ट्रेन का शुभारंभ 14 जुलाई को होने जा रहा है। यह दिन ऐतिहासिक है। जनता की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही है। उक्त बातें ये सरगुजा सांसद व केंद्रीय जनजातीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह ने अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में आयोजित प्रेसवार्ता में मंगलवार को कही। उन्होंने कहा कि 14 मई को ही शुभारंभ की योजना थी लेकिन किसी कारण से नहीं हो पाई। इस पर विपक्ष ने प्रचारित किया कि यहां की सांसद कमजोर है। अब युवा पढ़ाई के लिए दिल्ली जा सकेंगे, रेफर किए गए मरीज सीधे दिल्ली जा सकेंगे। रेलवे बोर्ड के नियम के अनुसार शुरुआत में ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलाई जाती है, बाद में यात्रियों की संख्या और मांग को देखते हुए इसके परिचालन के दिन बढ़ाए जाएंगे। सांसद ने कहा कि 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ रही थी, मैं जहां जाती थी वहां जनता की दिली डिमांड रहती थी कि अपना आशीर्वाद वोट के रूप में हम आपको देंगे। यदि आप सांसद बनती हैं तो अंबिकापुर से दिल्ली तक रेल चलाएंगी। मुझे खुशी है कि हम 14 जुलाई को ये पूरा करने जा रहे हैं।



1964 में बिश्रामपुर में शुरु हुआ, तब से अंबिकापुर तक रेल लाइन की मांग की जा रही थी। 42 वर्ष बाद 2006 में बिश्रामपुर से अंबिकापुर रेल लाइन जोड़ी गई। 1978 में दिल्ली तक दिल्ली से बिश्रामपुर तक कनेक्टिंग बोगी बाद में लरंगसाय के नाम से 1999 तक चली। इसके बाद तकनीकी कारणों से इसे भी बंद कर दिया गया। इसके बाद से ही अंबिकापुर से दिल्ली तक सीधी ट्रेन सेवा सरगुजा अंचल का मुख्य मुद्दा बन गया। अब यह 14 जुलाई को पूरा हो ने जा रहा है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, सूरजपुर जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, अनिल सिंह मेजर, मनेंद्रगढ़ के पूर्व विधायक श्यामबिहारी जायसवाल, भारत सिंह सिसोदिया, अंबिकेश केशरी, अभिमन्यू गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

### लगातार की जा रही थी मांग

सांसद रेणुका सिंह ने कहा कि इसके पहले 14 मई को हमने शुभारंभ करने की योजना बनाई थी लेकिन किसी कारणवश नहीं कर पाए। इस बात को विपक्ष वाले प्रचारित कर रहे थे कि सांसद कमजोर हैं। पीएम मोदी पर भी ब्लेम किया। रेलवे संघर्ष समिति ने अंबिकापुर-दिल्ली को लेकर मांग की थी। इसमें पूर्व विधायक देवेश्वर शरण सिंहदेव, सेवाराम अग्रवाल, नंदकुमार साय, राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम व कमलभान सिंह भी प्रयासरत रहे। युवा चाहते हैं कि हम दिल्ली में पढ़ें, डॉक्टर द्वारा मरीज को रेफर किए जाने के बाद या व्यापार के लिए सीधे दिल्ली जा सकेंगे। सबका साथ-सबका विकास के साथ हमने 2014 में काम शुरु किया। इसके बाद जब 2019 में इसमें सबका विश्वास और सबके प्रयास से काम जारी है।

### ये है ट्रेन नंबर और रूट

अंबिकापुर से ट्रेन नंबर- 04043 अंबिकापुर-हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी, जबकि ट्रेन नंबर- 04044 दिल्ली हजरत निजामुद्दीन से अंबिकापुर तक चलेगी। अंबिकापुर से दिल्ली के लिए पहली बार ट्रेन 14 जुलाई को सुबह 9.30 बजे छूटेगी और 15 जुलाई की शाम 4.35 बजे दिल्ली पहुंचेगी।इसके बाद अगले सप्ताह से रेग्यूलर हर गुरुवार को अंबिकापुर स्टेशन से सुबह 7.15 बजे ट्रेन छूटेगी और उसके अगले दिन सुबह 4.35 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। मंगलवार को हजरत निजामुद्दीन से हजरत निजामुद्दीन-अंबिकापुर ट्रेन रात 11 बजे चलेगी और बुधवार की शाम 7.30 बजे अंबिकापुर पहुंचेगी।

इस ट्रेन की रूट भी तय कर दी गई है। इसके अनुसार अंबिकापुर-हजरत निजामुद्दीन ट्रेन अंबिकापुर से बिजुरी, अनूपपुर, कटनी मुड़वारा, बीना, झांसी, आगरा, मथुरा और हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। वहीं वापसी में हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, आगरा, झांसी, बीना, कटनी मुड़वारा, अनूपपुर, बिजुरी से अंबिकापुर पहुंचेगी।



## थाना लुण्ड्रा के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास से हिम्मत कार्यक्रम की शुरुआत

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 12 जुलाई 2022(घटती-घटना)।.** महिलाओं एवं बालिकाओं को भयमुक्त वातावरण निर्मित करने के लिए शासन के निर्देश पर आईजी अजय यादव के मार्गदर्शन में रेंज में हिम्मत कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में सरगुजा जिले के लुण्ड्रा ब्लाक में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास से हिम्मत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। हिम्मत कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं व महिलाओं के साथ छेडख़ानी एवं दुर्व्यवहार जैसे विपरीत परिस्थितियों में ये डटकर मुकाबला करते हुए अपनी सुरक्षा खुद कर सकें। मंगलवार को कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक प्रशांत देवागन के उपस्थिति में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास थाना लुण्ड्रा में कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें बालिकाओं को त्वाईकांडो के प्रशिक्षक राधेश्याम मानिकपुरी एवं उनके सहयोगियों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक रश्मि सिंह द्वारा बालिकाओं को कानूनी अधिकार एवं उनकी शक्तियों के प्रति जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम 23 जुलाई तक थाना लुण्ड्रा के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी उप निरीक्षक ओम प्रकाश यादव, उप निरीक्षक अनिता आयाम एवं छात्रावास अधीक्षक एस मिज एवं काफी संख्या में बालिकाएं शामिल रहे।

## ग्राम चैनपुर जांच करने पहुंचे खाद्य निरीक्षक



-नगर संवाददाता-

**लखनपुर , 12 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** .केंद्र सरकार के अतिरिक्त चावल के आवंटित होने के बावजूद लखनपुर थाना क्षेत्र व उदयपुर विकासखंड के ग्राम चैनपुर में सोसायटी संचालक के द्वारा सैकड़ों राशन कार्ड हितग्राहियों को अतिरिक्त चावल का वितरण नहीं किया गया था। मीडिया कर्मियों के हस्तक्षेप के बाद ग्राम चैनपुर में सोसायटी संचालक के द्वारा जुलाई माह में आधे अधूरे राशन कार्ड धारियों को अतिरिक्त चावल का वितरण किया गया। अन्य राशन कार्ड हितग्राहियों को अतिरिक्त चावल का वितरण नहीं होने पर अखबार में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था। समाचार प्रकाशित होने के उपरांत जिला खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी के निर्देश पर उदयपुर खाद्य निरीक्षक सतपाल सिंह 12 जुलाई दिन मंगलवार को ग्राम चैनपुर के शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचे जहां उन्होंने पांच राशन कार्ड हितग्राहियों से चावल वितरण के संबंध में पूछताछ की जिस पर हितग्राहियों ने अप्रैल माह के अतिरिक्त चावल का जुलाई में वितरण करने की बात कही। ग्राम चैनपुर जांच करने पहुंचे खाद्य निरीक्षक सतपाल सिंह से चर्चा करने पर उनके द्वारा कहा गया कि अप्रैल माह का अतिरिक्त चावल मई में आया हुआ था जिसका सोसायटी संचालक के द्वारा जुलाई माह में वितरण किया गया। टीएल मीटिंग होने के कारण जांच आधा अधूरा किया गया है दूसरे दिन यह जांच पूर्ण कर जांच रिपोर्ट जिला खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी को सौंपा जाएगा। जब मीडियाकर्मियों ने खाद्य निरीक्षक सतपाल सिंह से पूछा कि अप्रैल माह का अतिरिक्त चावल जुलाई माह में वितरण किया गया है जिस पर उन्होंने कहा कि यह पूरी तरीके से गलत है जानकारी अनुसार अप्रैल माह का अतिरिक्त चावल चैनपुर सोसाइटी में मई माह में चावल आया था सोसायटी संचालक के द्वारा मई माह में राशन कार्ड हितग्राहियों को अतिरिक्त चावल का वितरण करना था। परंतु इनके द्वारा जुलाई में अतिरिक्त चावल का वितरण राशन कार्ड हितग्राहियों को किया गया है जो कि गलत है सोसायटी संचालक को मई माह में अतिरिक्त चावल का वितरण हितग्राहियों को करना था।

## निरीक्षण के दौरान आधा दर्जन शिक्षक पाए गए अनुपस्थित,रोके गए एक दिन का वेतन

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 12 जुलाई 2022(घटती-घटना)।.** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सरगुजा द्वारा मंगलवार को शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय एवं कन्या शाला प्रतापपुर तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक शाला सिलौट, शासकीय हाई स्कूल, पूर्व माध्यमिक शाला भेण्डरी एवं प्राथमिक शाला कोदौरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रतापपुर में प्रार्थना पर उपस्थित हुए एवं विद्यार्थियों के साथ प्रार्थना किया। शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सिलौटा में निरीक्षण के दरमियान पाया गया कि शिक्षक लोग निर्देशानुसार विषय की पूर्व तैयारी के साथ अध्यापन नहीं करा रहे हैं एवं किताबों को देखकर पढ़ाने का काम कर रहे हैं। इस पर संबंधित शिक्षिका अनीता कुजूर एवं राम जतन पैकरा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए माह जुलाई के वेतन रोकने के निर्देश दिए। पूर्व माध्यमिक शाला में विद्यार्थियों के साथ शिक्षण कार्य की जानकारी ली एवं चर्चा की। मध्यान्ह भोजन के निरीक्षण पर पाया गया कि विद्यार्थियों हेतु संस्था के अनुपात में सब्जियों की व्यवस्था नहीं थी जिस पर उपस्थित विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतापपुर को संबंधित स्व सहायता समूह को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। संकुल समन्वयक सिलौटा द्वारा निरीक्षण का कार्य समुचित नहीं किए जाने के कारण संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतापपुर को दिया गया। हाई स्कूल भेण्डरी एवं पूर्व माध्यमिक शाला भेण्डरी में शिक्षण कार्य का अवलोकन किया एवं विद्यार्थियों से चर्चा किया पूर्व माध्यमिक शाला जर्जर है जबकि हाई स्केल में पर्याप्त भवन हैं ऐसी परिस्थिति में मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों को हाई स्कूल के रिक्त भवन में अध्यापन करने हेतु प्राचार्य एवं प्रधान पाठक को निर्देशित किया। प्राथमिक शाला कोदौरा में विद्यार्थियों के अध्ययन अध्यापन की जानकारी ली गई। विद्यार्थियों का शैक्षिक स्तर संतोषजनक पाया गया। मध्यान्ह भोजन में विद्यार्थियों को सब्जी नहीं दिया गया था इस पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी राजपुर को निर्देशित किया गया कि स्व सहायता समूह को चेतावनी दें एवं नियमानुसार मीनू का पालन करते हुए मध्यान्ह भोजन उपलब्ध करावें। शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय प्रतापपुर में विद्यालय हेतु निर्धारित समय में राघवेन्द्र दुबे व्याख्याता, माधुरी मिंज व्याख्याता, स्मिता व्याख्याता, सरिता त्रिपाठी व्याख्याता, टोप्पो विज्ञान सहायक एवं अनिल कुमार साहू अनुपस्थित पाए गए। संबंधित शिक्षकों के उक्त दिवस के वेतन रोकने की कार्यवाही की जा रही है



## नकली 38 लीटर कैस्ट्रोल इंजन ऑयल सहित 1 गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-

**सूरजपुर 12 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** दिनांक 11.07.2022 को कैस्ट्रोल इंजन ऑयल कंपनी से नकली इंजन ऑयल की जांच व कार्यवाही के लिए अधिकृत नई दिल्ली ब्राण्ड एडी एन्ड रिक्स मैनेजमेंट प्रा.लि. के दिलीप कुमार ने थाना प्रेमनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रेमनगर स्थित सतीश ऑटो मोबाईल में नकली कैस्ट्रोल इंजन ऑयल बिक्री किया जा रहा है। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने थाना प्रभारी को नकली इंजन ऑयल बेचने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रेमनगर की पुलिस ने बाजारपारा प्रेमनगर स्थित सतीश ऑटो मोबाईल के यहां दबिश दिया गया जहां से 38 लीटर अलग-अलग नकली कैस्ट्रोल लिखा सील बंद डिब्बा बरामद किया गया। संचालक से इंजन ऑयल के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। मामले में 38 लीटर नकली इंजन ऑयल कीमत 15820 रूपये का जप्त कर कापीराईट अधिनियम 1957 की धारा 63 के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी विवेक साहू पिता बंशीलाल उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। नकली इंजन ऑयल आरोपी कहां से लाया था इसके बारे में आगे की जांच की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रेमनगर विपिन लकड़ा, एसआई निर्मल राजवाड़े, एएसआई ललित तिर्की, प्रधान आरक्षक राम प्रसाद साडिल्य, आरक्षक बेचूराम सोलंकी, सोहन नेताम व सैथ्नक सुभान अंसारी सक्रिय रहे।



## 20 जुलाई से 27 जुलाई तक शासकीय कर्मियों को कार्यालय एवं मुख्यालय में रहना अनिवार्य

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 12 जुलाई 2022(घटती-घटना)।.** छत्तीसगढ़ विधानसभा की पंचम विधानसभा का 14 वां सत्र 20 जुलाई से 27 जुलाई 2022 तक निर्धारित है। छत्तीसगे शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आदेश जारी कर समस्त शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे विधानसभा की सत्रावधि में अनिवार्य रूप से कार्यालय एवं मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने भी आदेश जारी कर निर्देशित किया है कि जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारी विधानसभा सत्रावधि में कार्यालय एवं मुख्यालय में रहें। उन्होंने अपरिहार्य कारणों से अवकाश पर जाने एवं मुख्यालय छो ने की स्थिति में उनसे लिखित अनुमति लेने की समझाइश दी है। अवकाश स्वीकृत होने पर ही अवकाश पर जाने या मुख्यालय को छो ने के लिए आदेशित किया है। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को सचेत किया है कि यदि आदेश की अवहेलना की जाती है तो दोषी अधिकारी-कर्मचारी के विरूद्ध नियमानुसार के ी कार्यवाही की जाएगी।

## 14 जुलाई से शुरू होगा ग्रीन कोरिया अभियान

-नगर संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 12 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में ग्रीन कोरिया अभियान की कार्ययोजना पर चर्चा की और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। 14 जुलाई से जिले में सभी विकासखंडों में पौधरोपण शुरू किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि पौधरोपण के साथ ही उसकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करें। इस अभियान के तहत जिले के हर विकासखंड में लगभग 14 साइट का चयन किया गया है। जहां पौधरोपण होगा। इसमें जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों को भी शामिल किया जाना है। सुपोषण बाड़ी तैयार करने के लिए मुनगा और पपीता के पौधे रोपण के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।

मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुपालन में बंदोबस्त त्रुटि सुधार के लिए टीम का किया जाएगा गठन- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशों के अनुपालन में तिरंगा पट्टा अभिलेखीकरण तथा बंदोबस्त त्रुटि सुधार किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर ने विशेष निर्देश देते हुए टीम गठन करने कहा। ऐसे



ग्राम पंचायत जहां बंदोबस्त त्रुटि सुधार की आवश्यकता है, वहां आरआई और पटवारियों की टीम बनाकर निराकरण किया जाएगा।

रोका-छेका अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश- कलेक्टर श्री शर्मा ने संबंधित विभागों को रोका-छेका अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौठान मवेशियों के लिए डे केअर सेंटर की तरह हैं। उन्हें गौठान में लाएं। कलेक्टर ने पशुधन विभाग को गौठानों में पशु चिकित्सा शिविर आयोजन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यदि कोई पशुपालक सड़क पर अपने पशु को छोड़ता है तो उसपर जुर्माने की कार्रवाई की जाए।

स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने जिला शिक्षा अधिकारी को निरंतर मॉनीटरिंग के निर्देश- कलेक्टर ने स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने जिला शिक्षा अधिकारी को निरंतर मॉनीटरिंग के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

## एनटीपीसी कोरबा ने क्रेडा द्वारा आयोजित कार्यशाला में लिया भाग

-नगर संवाददाता-

**कोरबा 12 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** एनटीपीसी कोरबा ने हाल ही में क्रेडा (छ.ग. राज्य अक्षय ऊर्जा विकास संघ) द्वारा आयोजित ऊर्जा संरक्षण पर एक कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के सहयोग से किया गया। एनटीपीसी कोरबा की टीम ने पीएटी चक्र 1 और 2 के दौरान एनटीपीसी कोरबा में आयोजित ऊर्जा संरक्षण गतिविधियों पर एक प्रस्तुति दी। श्री एन के अंसारी अपर महाप्रबंधक (ऐश हैंडलिंग) की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय टीम द्वारा प्रस्तुति दी गई। टीम के सदस्य श्री शुक्ला दास, अपर महाप्रबंधक (संचालन), वामसी कृष्णा के (ईईएमजी) और मोहित गुप्ता प्रबंधक (संचालन) थे। ऊर्जा संरक्षण गतिविधियों के लिए एनटीपीसी कोरबा द्वारा किए गए प्रयासों की कार्यशाला के प्रतिभागियों और क्रेडा ने सराहना की।इस दौरान क्रेडा टीम द्वारा छत्तीसगढ़ में विभिन्न उद्योगों द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियों और अब तक की उपलब्धियों के संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया था।

## दिव्यांग मोती व रोहित को मिला ट्राइसिकल,टीसी मिलने से धर्मेन्द्र हुआ खुश



**अम्बिकापुर, 12 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** . मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित जनचौपाल में अम्बिकापुर के गांधीनगर निवासी दिव्यांग श्री मोती सिंह व मेण्ड्राकला निवासी दिव्यांग श्री रोहित सोनी को ट्राइसिकल मिला। कक्षा पांचवीं का छात्र धर्मेन्द्र को तत्काल टीसी मिल जाने से खुश हुआ। नमनाकला की परिधि सोनी का स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय केशवपुर में पहली कक्षा में दाखिला होगा। घुटरापारा निवासी वृद्धा श्रीमती मुन्नी को पीएम आवास मिलेगा। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार व पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने मंगलवार को आयोजित जनचौपाल में समाज कल्याण विभाग के माध्यम से दोनों दिव्यांगों को ट्राइसिकल की चाबी सौंपी। मोती व रोहित ने हेलमेट पहनकर ट्राइसिकल चलाते हुए अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए।

## एनजीटी का उल्लघंन करने वाले रेत से लदे 3 ट्रकों को पुलिस ने पकड़ कार्यवाही के लिए खनिज विभाग को किया सुपुर्द

-नगर संवाददाता-

**सूरजपुर 12 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** एनजीटी का उल्लघंन करने वाले रेत से लदे 3 ट्रकों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ अग्रिम कार्यवाही के लिए खनिज विभाग को सुपुर्द किया है। दिनांक 11.07.2022 को रात्रि में गश्त के दौरान कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि रेड़ नदी नमदगिरी चकदईया घाट एल-2 से ट्रकों में अवैध रूप से बालू लोड कर परिवहन किया जा रहा है। जिसकी सूचना से पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू को अवगत कराने पर उन्होंने कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी सूरजपुर गीता वाघवानी के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने बाईपास रोड़ में घेराबंदी कर एनजीटी का उल्लघंन करने वाले तीन 14 चक्का ट्रक को रोकवाया। पूछताछ पर वाहन चालकों ने रेत परिवहन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया न ही कोई समाधान कारक जवाब दिए। पुलिस ने रेत से लदे तीनों ट्रकों के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही हेतु खनिज विभाग को सुपुर्द कर दिया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एसआई संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक संजय राजपूत व आरक्षक कैलाश यादव सक्रिय रहे।



**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0 202109021700047/77 /अ-27/2021-22

//अंतिम फर्द बंटवारा ईश्तहार प्रकाशन //

आवेदक कल्याण सवैया आ0 स्व0 राजेन्द्र सवैया, निवासी ग्राम सोनपुरकला, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सोनपुरकला स्थित भूमि खसरा नंबर 3/19, 3/27, 3/38 रकबा क्रमशः 0.906, 1.003, 0.299 हे0 कुल खसरा 03 रकबा 2.208 हे0 एवं ग्राम असोला स्थित भूमि खसरा नंबर 667, 668/1, 689/8 रकबा क्रमशः 0.304, 0.095, 0.405 हे0 कुल खसरा 03 कुल रकबा 0.804 हे0 भूमि का आवेदकगण के मध्य आपसी सहमति के आधार पर 1/3 भाग में बंटवारा कराने हेतु छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्द बंटवारा सूची एवं फर्द नक्शा का अंतिम प्रकाशन किया जा रहा है। अतः उक्त फर्द बंटवारा में किसी व्यक्ति को कोईआपत्ति हो तो पेशी दिनांक 27/07/2022 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02

**न्यायालय तहसीलदार लुण्ड्रा (धौरपुर) जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 202205020600001 /अ-21/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम कर्रा को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुंवर साय आ0 स्व0 मिझु कोरवा, जाति कोरवा, निवासी ग्राम कर्रा, तहसील लुण्ड्रा द्वारा अपने खाते की भूमि ग्राम कर्रा स्थित ख0नं0 467, 468, 469, 471, 473 में से रकबा क्रमशः 0.174, 0.356, 0.004, 0.077, 0.186, 0.341 हे0 को अनावेदक गंगा प्रसाद आ0 परमेश्वर, जाति गोंड़, निवासी ग्राम कर्रा के पास बिक्री करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति पेश करना हो तो वह दिनांक 25/07/2022 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार लुण्ड्रा (धौरपुर)



# खुदरा महंगाई दर में हल्की गिरावट पर आरबीआई के कंफर्ट लेवल से अब भी ऊपर

**नई दिल्ली, 12 जुलाई 2022।** खुदरा महंगाई दर हल्की गिरावट के साथ 7.01 प्रतिशत पर आ गई है। खुदरा महंगाई दर में यह गिरावट खाद्य पदार्थों की कीमतों में थोड़ी राहत मिलने के कारण आई है। हालांकि खुदरा महंगाई अब भी रिजर्व बैंक के कंफर्ट लेवल के ऊपर है।

कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स आधारित महंगाई दर मई महीने में 7.04 प्रतिशत रही थी वहीं पिछले साल जून में खुदरा महंगाई दर 6.26 प्रतिशत के स्तर पर थी।

नेशनल स्टैटिसटिकल ऑफिस के आंकड़ों के मुताबिक खाद्य पदार्थों की महंगाई दर जून 2022 में 7.75 प्रतिशत रही जो पिछले महीने 7.97 प्रतिशत के लेवल पर थी।



आपको बता दें कि सरकार की ओर से देश के केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को कहा गया है कि आरबीआई यह सुनिश्चित करे कि मुद्रास्फीति दोनों तरफ दो फीसदी के मार्जिन के साथ चार फीसदी पर बनी रहे।

आपको बता दें कि इस साल जनवरी से देश में खुदरा महंगाई दर आरबीआई के कंफर्ट लेवल (राहत के स्तर) छह प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है।

### फिर बढ़ सकता है रेपो रेट

ऐसे में इस बात की उम्मीद की जा रही है कि अगस्त की मौद्रिक नीति की बैठक में आरबीआई एक बार फिर रेपो रेट बढ़ा सकता है। बीते दो माह में दो बार रेपो रेट में वृद्धि की जा चुकी है। वर्तमान में रेपो रेट 4.90% है, कयास लगाए जा रहे हैं कि इस साल के अंत तक यह बढ़कर 5.50% या उससे अधिक भी हो सकती है।

### मई में औद्योगिक उत्पादन 19.6 प्रतिशत बढ़ा

वहीं, 2022 के इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन के आंकड़ों के अनुसार मई के महीने में इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन या औद्योगिक उत्पादन में 19.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मई 2022 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का उत्पादन 20.6 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, माइनिंग उत्पादन की बात करें तो 10.9 प्रतिशत और बिजली उत्पादन में 23.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# खानों की सफल नीलामी के लिए राज्यों को प्रोत्साहन दिया जाएगा : जोशी

**नयी दिल्ली ,12 जुलाई 2022।** केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सफल निलामी के लिए संभावित खनिज ब्लॉकों को चिन्हित करने वाली राज्य सरकरों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।



श्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि खानों की सफल नीलामी के लिये राज्य सरकारों को और जिन्होंने संभावित खनिज ब्लॉकों को चिह्नित किया है, उन्हें प्रोत्साहन दिया जायेगा। सफल राज्यों को मंगलवार को नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खान तथा खनिज सम्मेलन के दौरान पुरस्कृत किया जायेगा।

खान मंत्रालय ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि श्री जोशी ने सोमवार को खान मंत्रालय के आजादी का अमृत महोत्सव प्रतीक सप्ताह का उद्घाटन किया। जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इस एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि होंगे।

खान मंत्रालय के सचिव आलोक टंडन ने कहा कि देशभर में सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम तथा मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय 11-17 जुलाई तक प्रतीक सप्ताह मनायेंगे।

# संकट के बीच आसमान पर पहुंचे खाने-पीने की चीजों के दाम, 200 रुपए किलो प्याज और 220 के आलू

**कोलंबो ,12 जुलाई 2022।** पड़ोसी देश श्रीलंका की हालत पिछले कुछ महीनों से बेहद खराब है। आर्थिक मोर्चे पर दिक्कतों से शुरू हुआ संकट अब राजनीतिक अस्थिरता के हालात पैदा कर चुका है। जनता की बगावत के बीच श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे इस्तीफा देने वाले हैं, जबकि प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं। हजारों लोगों की भीड़ ने पिछले कई दिनों से राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री आवास पर कब्जा जमा रखा है, सड़कों पर सेना तैनात है और पीएम-राष्ट्रपति समेत तमाम बड़े नेता अंडरग्राउंड हो गए हैं। इसी बीच श्रीलंका में खाने-पीने की जरूरी चीजों के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं।

श्रीलंका की राजधानी कोलंबो के ताजा आंकड़ों के अनुसार, श्रीलंका में अभी टमाटर के भाव 150 रुपये किलो श्रीलंकाई रुपये पर पहुंच गए हैं। इसी तरह मूली के भाव 490 रुपये प्रति किलो हो चुके हैं। इतना ही नहीं प्याज 200 रुपये किलो और आलू 220 रुपये किलो में बिक रहा है। आलू, प्याज और टमाटर जैसी आम इस्तेमाल की सब्जियों के दाम बढने् से लोगों की परेशानियां भी बढ़ गई हैं। सब्जियों के दाम में ऐसे समय आग लगी है, जब पहले से ही श्रीलंका में डीजल-पेट्रोल की कमी हो चुकी है और लोगों को बेतहाशा पावर कट का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि इस पूरे संकट की शुरुआत विदेशी कर्ज के बोझ के कारण हुई। कर्ज की किस्तें चुकाते-चुकाते श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया। स्थिति ऐसी हो गई कि श्रीलंका में डीजल-पेट्रोल और खाने-पीने की चीजों की कमी हो गई। बेहद जरूरी दवाएं तक पड़ोसी देश में समाप्त हो गईं। सरकार को पेट्रोल पंपों पर सेना तैनात करने की जरूरत पड़ गई। हालांकि इससे भी स्थिति में सुधार नहीं आया और हालात लगातार बिगड़ते चले गए।

# मारुति सुजुकी 20 जुलाई को पेश करेगी प्रीमियम SUV ग्रैंड विटारा, 11,000 रुपए से करा सकते हैं बुकिंग

**नई दिल्ली, 12 जुलाई 2022।** मारुति सुजुकी ने सोमवार को अपनी अपकमिंग प्रीमियम स्ङ्क ग्रैंड विटारा की बुकिंग शुरू कर दी। नई एसयूवी 20 जुलाई को अनवेल होगी। ग्राहक ग्रैंड विटारा को किसी भी नेक्सा शोरूम में या इसकी वेबसाइट पर लॉग इन करके प्री-बुक कर सकते हैं। बुकिंग अमाउंट 11,000 रुपए है।



ग्रैंड विटारा का सीधा मुकाबला टोयोटा अर्बन क्रूजर हायरायडर से होगा, जिसे पिछले महीने अनवेल किया गया था। इसका मुकाबला हुंडई क्रेटा और किया सेल्टोस से भी होगा। इससे पहले मारुति सुजुकी ने विटारा ब्रेजा को %ब्रेजा% नाम से रिलॉन्च किया था। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 7,99,000 रुपए है।

**10-11 लाख हो सकती है शुरुआती कीमत**

इसे 10-11 लाख की शुरुआती कीमत में पेश किया जा सकता है। ग्रैंड विटारा का प्रोडक्शन अगस्त महीने में शुरू होने की उम्मीद है। हायराइडर की तरह ही इसमें मैनुअल और 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ 1.5-लीटर माइल्ड-हाइब्रिड इंजन हो सकता है। इसका प्रोडक्शन कर्नाटक के बिदादी प्लांट में किया जाएगा।

**मारुति ग्रैंड विटारा फीचर्स**

2022 ग्रैंड विटारा एसयूवी में HyRyder जैसे फीचर हो सकते हैं। ऐसी भी उम्मीद है कि यह नए एक्सटीरियर शेड और स्पोर्ट एक्सटीरियर लुक में नजर आएगी। ग्रैंड विटारा में नौ-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 360-डिग्री कैमरा, हेड्स-अप-डिस्प्ले, वेन्टिलेटेड फ्रंट सीट्स, वायरलेस चार्जर, इलेक्ट्रिक सनरूफ और लेदरेट अपहोल्स्ट्री जैसे फीचर्स हो सकते हैं।

# सोना-चांदी आज फिर हुआ सस्ता

**नई दिल्ली, 12 जुलाई 2022।** भारतीय सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने-चांदी के दाम जारी कर दिए गए हैं. आज दोनों के ही दाम में कमी आई है. 999 प्योरिटी वाला सोना आज 50770 रुपये में बिक रहा है तो 999 प्योरिटी वाली एक किलो चांदी की कीमत 56046 रुपये हो गई है.

मालूम हो कि सोने-चांदी के दाम दिन में दो बार जारी किए जाते हैं. एक बार दिन में और दूसरी बार शाम को. 995 प्योरिटी वाला सोना आज 50567 रुपये में, 916 शुद्धता का सोना 46322 रुपये में बिक रहा है. इसके अलावा, 750 प्योरिटी वाला दस ग्राम सोने के दाम 37928 रुपये हो गए हैं. 585 प्योरिटी वाला दस ग्राम गोल्ड आज 29583 रुपये का बिक रहा है. उधर, 999 प्योरिटी वाली एक किलो चांदी आज 56046 रुपये की हो गई है.



### आज कितना सस्ता हुआ सोना-चांदी?

आज सोने-चांदी के दाम में कमी आई है. 999 प्योरिटी वाला सोना आज 107 रुपये सस्ता मिल रहा है, जबकि 995 प्योरिटी वाले सोने के दाम 106 रुपये कम हो गए. 916 शुद्धता का सोना 281 रुपये सस्ता हुआ है तो 786 प्योरिटी वाला गोल्ड 230 रुपये कम हो गया. बीते दिन की तुलना में आज 585 प्योरिटी वाले सोने के दाम 180 रुपये कम हो गए हैं. इसके अलावा, 999 प्योरिटी वाली एक किलो चांदी की बात करें तो इसकी कीमत आज 699 रुपये कम हो गई है.

### ऐसे की जाती है शुद्धता की पहचान

ज्वेलरी की शुद्धता मापने का एक तरीका होता है. इसमें हॉलमार्क से जुड़े कई तरह के निशान पाए जाते हैं. इन निशानों के माध्यम से ज्वेलरी की शुद्धता को पहचाना जा सकता है. इसमें एक कैरेट से लेकर 24 कैरेट तक का पैमाना होता है. ज्वेलरी बनाने के लिए 22 कैरेट के सोने का इस्तेमाल किया जाता है. ज्वेलरी पर हॉलमार्क लगाना अनिवार्य है. 24 कैरेट का सोना प्योर सोना होता है. उसपर 999 अंक दर्ज होगा. हालांकि, 24 कैरेट सोने से ज्वेलरी नहीं बनती है. 22 कैरेट की ज्वेलरी होगी तो उसमें 916 लिखा होगा. 21 कैरेट की ज्वेलरी पर 875 लिखा होगा. 18 कैरेट की ज्वेलरी पर 750 लिखा होता है. 14 कैरेट की ज्वेलरी होगी तो उसमें 585 लिखा होगा.

### 24, 22, 21, 18 और 14 कैरेट में क्या होता है फर्क?

24 कैरट वाले गोल्ड को प्योरेस्ट गोल्ड कहते हैं. इसमें किसी प्रकार की दूसरे धातु की मिलावट नहीं होती है. इसे 99.9 प्रतिशत शुद्धता का गोल्ड कहा जाता है. 22 कैरेट के गोल्ड में 91.67 प्रतिशत प्योर गोल्ड होता है. अन्य 8.33 प्रतिशत में दूसरे धातु होते हैं. वहीं, 21 कैरेट गोल्ड में 87.5 प्रतिशत प्योर गोल्ड होता है. 18 कैरेट में 75 प्रतिशत प्योर गोल्ड होता है और 14 कैरेट गोल्ड में 58.5 प्रतिशत प्योर गोल्ड होता है.

### मिस्ड कॉल से जानिए सोने-चांदी का भाव

ibja की ओर से केंद्रीय सरकार द्वारा घोषित छुट्टियों के अलावा शनिवार और रविवार को रेट जारी नहीं किए जाते हैं. 22 कैरेट और 18 कैरेट गोल्ड जूलरी के खुदरा रेट जानने के लिए 8955664433 पर मिस्ड कॉल दे सकते हैं. कुछ ही देर में एसएमएस के जरिए रेट्स मिल जाएंगे. इसके अलावा लगातार अपडेट्स की जानकारी के लिए www.ibja.com पर देख सकते हैं.।

# चाय के साथ इन चीजों का सेवन हो सकता है हानिकारक,अक्सर लोग करते हैं ऐसी गलतियां

चाय दुनियाभर में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले पेय पदार्थों में से एक है। दिनभर के थकान को दूर करने के साथ शरीर को रिफ्रेशिंग एनर्जी देने के लिए चाय को काफी पसंद किया जाता है। वैसे तो देश के अलग-अलग हिस्सों में भिन्न-भिन्न प्रकार की चाय का सेवन किया जाता रहा है, हालांकि दूध वाली चाय आपको हर जगह आसानी से मिल जाती है। समय के साथ कई तरह के स्वास्थ्य लाभ के देखते हुए ग्रीन टी और ब्लैक टी से लेकर कैमोमाइल और हिबिस्कस टी जैसी चाय को भी लोगों ने प्रयोग में लाना शुरू कर दिया है।

कुछ लोगों की चाय के साथ कुछ खाने की आदत होती है। चाय के साथ किन चीजों को खाना चाहिए, किन्हें नहीं, इसको लेकर भी विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कुछ लोग खाने के साथ भी चाय पीते रहते हैं, जबकि कुछ लोगों को भोजन के तुरंत बाद चाय की आवश्यकता होती है। पर हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि चाय के साथ कुछ चीजों का सेवन करना शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है। कुछ स्थितियों में इससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने का भी जोखिम हो सकता है। आइए जानते हैं कि चाय के साथ किन चीजों का सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है।

### चाय के साथ पकौड़े या नमकीन का सेवन

चाय को पकौड़े या नमकीन के साथ पीने के आप भी शौकीन हैं? यह आदत आपके लिए नुकसानदायक हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि बेसन की चीजों को चाय के साथ खाने पाचन से संबंधित समस्याओं का जोखिम रहता है। जो लोग अक्सर इस तरह की चीजों का सेवन करते हैं उनमें पाचन की दिक्कत, कब्ज, अपच जैसी समस्याएं अधिक देखने को मिलती रही हैं। चाय के साथ बेसन वाली चीजों का सेवन कम मात्रा में ही करें।



**चाय के साथ न खाएं आयरन वाली चीजें**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, चाय पीते समय कभी भी हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन नहीं करना चाहिए। विशेषकर आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थों के साथ चाय पीना शरीर के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकता है। चाय में टैनिन और ऑक्सालेट होते हैं जो शरीर को आयरन वाले खाद्य पदार्थों से आयरन के अवशोषण को रोकते हैं। आपको आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे नट्स, हरी पत्तेदार सब्जियां, अनाज, दाल आदि के साथ चाय का सेवन नहीं करना चाहिए।

### नींबू वाली चाय के नुकसान

क्या आप भी नींबू वाली चाय पीने के शौकीन हैं? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इससे पेट में अम्लता बढ़ने का खतरा हो सकता है। चाय की पत्तियों को नींबू के रस के साथ मिलाने से चाय अम्लीय हो जाती है जिसके कारण पेट में सूजन होने का खतरा रहता है। नींबू की चाय का सेवन अगर सुबह खाली पेट करते हैं तो इससे एसिड रिफ्लक्स और हार्टबर्न जैसी समस्याएं भी हो सकती है। यदि आप पहले से ही एसिडिटी से पीड़ित हैं तो इससे बिल्कुल बचाव किया जाना चाहिए।

### ठंडी चीजों के साथ न करें चाय का सेवन

चाय की तासीर गर्म होती है ऐसे में इसका सेवन ठंडी चीजों के साथ करने से यह पाचन प्रक्रिया को बाधित कर सकती है। अलग-अलग तापमान वाले खाद्य पदार्थों का एक साथ सेवन करने से पाचन क्रिया कमजोर हो सकती है। कुछ भी ठंडा खाने से कम से कम 30 मिनट तक चाय नहीं पीना चाहिए। यदि आप चाय के पहले ठंडा पानी भी पीते हैं तो इससे भी पेट से संबंधित समस्याओं के साथ दांतों में झनझनाहट का खतरा हो सकता है।

# सावन में बिना लहसुन-प्याज के बनाएं आलू टमाटर की सब्जी,स्वाद होगा लाजवाब

***सावन का महीना शुरू होने वाला है। ऐसे में बहुत सारे घरों में लहसुन प्याज बनना बंद हो जाता है। साथ ही व्रत वाले दिन बहुत तरह के पकवान बनते हैं। ऐसे में आप आलू टमाटर की सब्जी को बिना लहसुन प्याज के बना सकती हैं। इस तरह की सब्जी ज्यादातर मंदिरों में भंडारे में बनती है। जिसका स्वाद काफी अलग और शानदार लगता है। तो चलिए जानें कैसे बनाएं वो भंडारे वाली आलू टमाटर की सब्जी को।***




### क्या होगी सामग्री

आलू टमाटर की सब्जी को बनाने के लिए जरूरत होगी मध्मय आकार के आलू, लाल टमाटर तीन, सरसों का तेल, जीरा, हरी मिर्च, लाल मिर्च, हल्दी, नमक, धनिया पाउडर, कसूरी मेथी, गरम मसाला, हरी धनिया, तेजपत्ता, दो लौंग, दो से तीन काली मिर्च, एक बड़ी इलायची।

### आलू टमाटर की सब्जी

सबसे पहले आलू को उबाल लें। इसे ज्यादा ना उबालें नहीं तो स्वाद नहीं आएगा। अब टमाटर को धोकर टुकड़ों में काट लें। आलू जब ठंडे हो जाए तो इन्हें छीलकर बड़े टुकड़ों में कर लें। अब एक कड़ाही में सरसो के तेल को खूब गर्म करें। जब ये गर्म हो जाए तो सबसे पहले जीरा डालकर चटकाएं। जीरा चटक जाए तो साथ में इलायची, तेजपत्ता, लौंग, काली मिर्च, बडी इलायची जैसे सारे खड़े मसालों को डालकर चटकाएं।

अब इसमे हरी मिर्च डाल दें। फिर कड़ाही में कटे हुए टमाटर को डाल दें। और ढंक दें। जिससे कि ये आसानी से पक जाएं। फिर जब टमाटर गलने लगे तो इसमे हल्दी, धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर डालकर भूनें। जब ये तेल छोड़ने लगे तो इसमे आलू डाल दें। कुछ देर पकाने के बाद पानी डाल दें। कुछ देर ढंककर पकने दें। सबसे आखिर में गरम मसाला, कसूरी मेथी नमक डालकर मिक्स करें। गैस बंद कर दें और कटी हुई हरी धनिया को डालकर ढक्कन से ढंक दें। बस तैयार है स्वादिष्ट आलू टमाटर की सब्जी. इसे गर्मागर्म पूरियों के साथ सर्व करें।



# आईआरसीटीसी घुमा रहा 'धरती का स्वर्ग', कश्मीर ट्रिप का कितना आएगा खर्च

भारत का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर की खूबसूरती दूसरे देशों तक मशहूर है। दूर दराज से लोग कश्मीर घूमने के लिए आते हैं। कश्मीर में बर्फीली पहाड़ियां, ऊंची चोटियां, झीलें और हरियाली जन्नत के जैसी लगती है। ऐसे में अधिकतर लोग एक बार कश्मीर घूमने की ख्वाहिश जरूर रखते होंगे। हालांकि कई कारणों से भारत के इस स्वर्ग को घूमने का सपना पूरा नहीं हो पाता। लोग कश्मीर जाना तो चाहते हैं लेकिन अधिक पैसे लगने और जगह के बारे में पूरी जानकारी न होने के कारण यहां पहुंच नहीं पाते। आपकी कश्मीर घूमने की इस ख्वाहिश को अब पूरा कर सकते हैं। आईआरसीटीसी कश्मीर का एक शानदार टूर पैकेज लेकर आया है, जिसके जरिए यात्री कम पैसों में धरती के स्वर्ग कश्मीर की सैर कर पाएंगे। आगे की स्लाइड्स में जानें आईआरसीटीसी के कश्मीर टूर पैकेज की पूरी जानकारी।



**कश्मीर टूर पैकेज का नाम**

आईआरसीटीसी के कश्मीर टूर पैकेज का नाम 'Jewels of Kashmir E& Amritsar' है। यात्रियों को इस टूर पैकेज के तहत कश्मीर के सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थलों की सैर कराई जाएगी। कम पैसों में कई जगह का भ्रमण करने को मिलेगा। साथ ही कई सुविधाएं भी दी जाएंगी।

**कश्मीर के पर्यटन स्थलों की सैर**

टूर पैकेज के तहत यात्रियों को कश्मीर के श्रीनगर, सोनमर्ग, पहलगाम और गुलमर्ग जैसी मशहूर जगहों पर घूमने का शानदार मौका मिलेगा। बर्फ से ढके हिमालय, सुंदर घाटियां, हाउस बोट स्टे, झील, गोंडोला की सवारी और राज्य की संस्कृति को जानने समझने का अनुभव मिलेगा।



**कब से कश्मीर टूर पैकेज की शुरुआत**

आईआरसीटीसी के कश्मीर टूर पैकेज की शुरुआत 27 अगस्त 2022 से हो रही है। 5 रात और 6 दिन के इस टूर पैकेज के लिए बुकिंग करा सकते हैं। 27 अगस्त को दो फ्लाइट कश्मीर के लिए रवाना होगी।

**कहां से शुरू होगा सफर**


कश्मीर टूर पैकेज के लिए बुकिंग करने वालों को हवाई सुविधा मिलेगी। यात्री अमृतसर हवाई अड्डे से फ्लाइट के जरिए कश्मीर के लिए उड़ान भरेंगे। पहली फ्लाइट 27 अगस्त को 12=10 बजे और दूसरी फ्लाइट उसी दिन 13=30 बजे रवाना होगी।

**कश्मीर घूमने का खर्च**

आईआरसीटीसी के कश्मीर टूर पैकेज के तहत 6 दिन के टूर के लिए एक व्यक्ति को 39, 650 रुपये खर्च करने होंगे। अगर दो लोग ट्रैवल कर रहे हैं तो 27,140 रुपये का टिकट बुक होगा। तीन लोग एक साथ टिकट बुक करने पर 26490 रुपये व्यय कर पाएंगे। यात्रा में अगर आपके साथ 5 से 11 साल का बच्चा है तो अलग बेड के साथ उसका खर्च 25190 रुपये और बिना बेड के 21130 रुपये का टिकट बुक करना पड़ेगा। दो से चार साल के बच्चे के लिए कश्मीर टूर पैकेज का किराया 14755 रुपये है। आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट से टिकट बुक कर सकते हैं।

# चीन ने श्रीलंका पर रणनीतिक बढ़त पाने के लिए डेट ट्रैप डिप्लोमेसी का इस्तेमाल किया:थिंक टैंक

**ढाका ,12 जुलाई 2022।** चीन ने श्रीलंका पर रणनीतिक बढ़त हासिल करने के लिए अपनी कुटिल डेट ट्रैप डिप्लोमेसी का इस्तेमाल किया। एक स्वतंत्र विदेश नीति थिंक टैंक ने कहा कि श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे के इस्तीफा देने के बाद देश का नियंत्रण संभालने के लिए एक सर्वदलीय कैबिनेट का रास्ता बना। रेड लैंटर्न एनालिटिका ने एक बयान में कहा, श्रीलंका के वित्तीय संकट के जवाब में चीन ने देश पर रणनीतिक बढ़त हासिल करने और अपनी अर्थव्यवस्था को बंधक बनाने के लिए अपनी कुटिल ऋण जाल कूटनीति को नियोजित किया। हंबनटोटा और कोलंबो के बंदरगाह शहरों को 100 वर्षों के लिए चीन को पट्टे पर दिया गया है। चीन अब श्रीलंका का दूसरा सबसे बड़ा ऋणदाता है।



बयान में कहा गया है कि खराब शासन, पारदर्शिता की कमी, चीनी ऋण जाल और भ्रष्टाचार के कारण हुई आर्थिक आपदा के कारण श्रीलंका एक देश के रूप में अलग हो गया है।

श्रीलंका का जीडीपी-से-ऋण अनुपात 2010 से लगातार बढ़ रहा है, जब द्वीप राष्ट्र की वित्तीय गिरावट शुरू हुई, बयान में कहा गया है कि चालू खाता घाटे में वृद्धि और निर्यात में भारी गिरावट ने 2019 में एक पूर्ण विकसित आर्थिक संकट को जन्म दिया।

थिंक टैंक ने कहा, हालांकि, जब चीन ने श्रीलंका के कर्ज के बोझ को बढ़ाने के लिए स्थिति का फायदा उठाया, तो भारत ने वित्तीय पैकेजों की पेशकश करके मदद की, जिसमें गैसोलीन आयात के लिए 50 अरब डॉलर की क्रेडिट सुविधा और भारत से महत्वपूर्ण उत्पादों के आयात के लिए 1 अरब डॉलर की क्रेडिट सुविधा शामिल थी।

बयान में आगे कहा गया कि इसके अलावा, भारत ने मुद्रा अदला-बदली, ऋण आस्थगन और अन्य क्रेडिट लाइनों के माध्यम से 2.4 अरब डॉलर भेजे हैं। हालांकि, यह श्रीलंका को बचाने में असमर्थ था, जो पूरी तरह से चीनी ऋण से गुलाम था और अंततः इसके आगे झुक गया।

थिंक टैंक ने यह भी कहा कि श्रीलंका को चीन की आर्थिक मदद ज्यादातर भारत के खिलाफ राजनीतिक और सुरक्षा लाभ उठाने और हिंद महासागर रिम के साथ अपने विस्तारवादी लक्ष्यों के साथ आगे बढने की योजना थी।

# बैंकों में जमाकर्ताओं की नकदी की निकासी रोकने पर विरोध प्रदर्शन, अफसरों के खिलाफ बैनर

**बीजिंग, 12 जुलाई 2022।** राष्ट्रपति शी जिनपिंग की जीरो कोविड नीति की नाकामी के चलते इन दिनों चीन के छोटे बैंकों को कई आरोपों और मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसी कारण हेनान प्रांत के चार गांवों के बैंकों में जमा रकम वापसी की मांग को लेकर झेंग्झौ शाखा के बाहर हजारों जमाकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

बैंक पर जमाकर्ताओं की नकद निकासी रोकने का आरोप है जिससे हजारों छोटे बचतकर्ता परेशान हैं। जमाकर्ताओं ने बैंक में प्रवेश करने की कोशिश भी की लेकिन उन्हें दूसरी तरफ मौजूद कुछ अज्ञात लोगों और पुलिस ने रोका। हालांकि फिर भी कुछ प्रदर्शनकारी बैंक शाखा में घुस गए।



पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना की झेंग्झौ शाखा के बाहर करीब 3,000 जमाकर्ताओं ने उनकी रकम वापसी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन था। सोशल मीडिया पर हेनान अफसरों के खिलाफ भ्रष्टाचार और हिंसा की निंदा करने वाले बैनर भी दिखाई दिए।

गर्भवती महिलाओं से पिटाई

विरोध प्रदर्शन की जो वीडियो सोशल मीडिया पर आई है उसमें बैंक कर्मी प्रदर्शनकारियों को जबरन खदेड़ते दिख रहे हैं। इस दौरान प्रदर्शन कर रही गर्भवती महिलाओं को अज्ञात लोगों द्वारा बेरहमी से पीटे जाने के दृश्य भी दिखे।

# ब्रिटेन में आतंकी प्रसार के लिए पाकिस्तान जिम्मेदार, रिपोर्ट में 1993 की कश्मीर जिहाद का भी जिक्र

**लंदन, 12 जुलाई 2022।** ब्रिटेन के सुरक्षा विश्लेषक काइल ऑर्टन ने कहा है कि पाकिस्तानी नीतियों ने पिछले काफी समय से आतंकवाद को बढ़ावा दिया है। उसने हमेशा खुद को आड़ में रखा, जबकि जिहादी नेटवर्क ने ब्रिटेन में पैर फैला लिए। उन्होंने ब्रिटेन में आतंकी वारदातों के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया।



इस रिपोर्ट में बताया गया कि पश्चिम ने हमेशा 7/7 और 9/11 के सबक को नजरअंदाज किया लेकिन इस दौरान अंतरराष्ट्रीय जिहादी नेटवर्क ने ब्रिटेन में जगह बना ली। पॉलिसी रिसर्च ग्रुप की इस रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर 2005 में अलकायदा ने मोहम्मद सिद्दीकी खान नाम से एक आतंकी का वीडियो जारी किया, जिसमें वह पश्चिम के खिलाफ युद्ध का एलान कर रहा है।

पाकिस्तान में आईएसआई संचालित मसूद अजहर, ने 1993 में कश्मीर में जिहाद के लिए धन उगाने, आतंकियों को भर्ती करने व लोकल नेटवर्क के लिए ब्रिटेन का दौरा भी किया। इसके बाद कुछ आतंकी नेटवर्क आईएस में शामिल हो गए।

### मसूद अजहर ने बनाया लंदनिस्तान का खाका

संयुक्त राष्ट्र द्वारा सूचीबद्ध आतंकवादी मसूद अजहर ने 1990 के दशक में लंदनिस्तान कते लिए एक खाका भी बनाया, जहां जिहादियों ने मुस्लिम दुनिया में विद्रोहियों को संसाधन मुहैया कराए और लंदन में अपनी दुकानें स्थापित कीं। पॉलिसी रिसर्च ग्रुप की रिपोर्ट में बताया गया कि इस दौरान ओसामा बिन लादेन, अयमान अल-जवाहिरी, अबू मुसाब अल-जरकावी जैसे आतंकी इन गतिविधियों को बढ़ाते रहे।

# खारकीव में घातक हमले,यूक्रेन बोला-रूसी सेना के हमले पूरी तरह आतंकवाद

**कीव, 12 जुलाई 2022।** रूस-यूक्रेन युद्ध में सोमवार को रूसी सेना ने यूक्रेनी खारकीव शहर पर जबरदस्त गोलाबारी की जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 28 लोग घायल हो गए हैं। उधर, दोनेस्क क्षेत्र की एक इमारत पर रूसी रॉकेट के हमले में मरने वालों की संख्या 15 से बढ़कर सोमवार को 24 हो गई। स्थानीय प्रशासक ने हमलों को 'पूरी तरह से आतंकवाद' करार दिया।

खारकीव के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनेहबोव ने कहा, खारकीव पर जिस निर्दयता से हमले हो रहे हैं वह पूरी तरह रूसी आतंकवाद है। जबकि अमेरिकी अफसर ने दावा किया है कि रूस खारकीव में यूक्रेन से अलग एक नई सार्वजनिक प्रणाली बनाना चाहता है। इन इलाकों में खारकीव का अलग झंडा भी फहराया जाता है।

जबकि यूक्रेन के पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्र के लुहांस्क, दोनेस्क, खेरसॉन और मैरियूपोल शहरों पर रूसी सेना पहले ही कब्जा जमा चुकी है। खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ने कहा रूसी सेना ने पूर्वोत्तर शहर पर तीन मिसाइलें दागीं और इनसे सिर्फ नागरिक ठिकानों को ही निशाना बनाया गया। इनमें पहली मिसाइल ने एक स्कूल को नष्ट किया, दूसरी ने आवासीय भवन तबाह किया और तीसरी एक गोदाम के पास गिरी।



### यूक्रेन की सांस्कृतिक कलाकृतियां भी खतरे में

रूस-यूक्रेन युद्ध के नतीजे काफी भयावह साबित हो रहे हैं। इनसे सांस्कृतिक व कलात्मक केंद्र भी खतरे में हैं। इनमें दीर्घाएं, पुस्तकालय, अभिलेखागार, संग्रहालय और विश्वविद्यालयों शामिल हैं। युद्ध में रूसी सेना ने यूक्रेन के कई सांस्कृतिक व कला केंद्रों को नष्ट कर दिया है। इस बीच, कीव के मैडन संग्रहालय के सामान्य निदेशक, इहोर पोशीवेलो ने विश्व समुदाय से पुतिन के 'छद्म इतिहास' का मुकाबला करने की अपील की।


### स्कूलों में रूस समर्थक पाठ्यक्रम प्रारंभ

रूस अपने कब्जे वाले यूक्रेन के दक्षिणी क्षेत्र स्थित स्कूलों को फिर से खोल रहा है। इनमें रूस समर्थक कोर्स शुरू किया गया है। खेरसॉन और जापोरिझिया जैसे क्षेत्रों में रहने वाले माता-पिता को धमकी दी जा रही है कि यदि वे रूसी पासपोर्ट नहीं लेते और अपने बच्चों को वे रूस समर्थक स्कूलों में नहीं भेजते हैं तो उनके पेरेंट संबंधी अधिकार छीन लिए जाएंगे। शिक्षकों व पालकों का कहना है कि इन स्कूलों के साथ सहयोग के लिए उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा है।

### यूक्रेनी इतिहास की किताबें जलाईं

रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों में यूक्रेनी इंटरनेट और सेलुलर-सेवा प्रदाताओं और बाहरी मीडिया से काट दिया गया है। टेलीविजन पर केवल रूसी प्रोग्राम दिखाए जा रहे हैं। रूसी सैनिक यूक्रेन के इतिहास की किताबों को जला रहे हैं और स्कूलों में बच्चों को यूक्रेन से नफरत का पाठ सिखा रहे हैं। इनमें बताया जा रहा है कि वर्तमान युद्ध शुरू करने के लिए यूक्रेन ही दोषी है।

# जेनिफर लोपेज ने जीवन शैली बदल सेहत सुधारी,ज्यादा काम और नींद नहीं लेने से आया था पैनिक अटैक



**लॉस एंजलिस, 12 जुलाई 2022।** हद से ज्यादा काम और पर्याप्त नींद नहीं लेने का खामियाजा जेनिफर लोपेज को भी भुगतना पड़ा लेकिन उन्होंने जीवन शैली बदलकर सेहत सुधारी। मशहूर गायिका-अभिनेत्री जेनिफर लोपेज (52) ने खुलासा किया है कि एक दौर में दिन-रात काम के कारण भारी थकान से वह गंभीर पैनिक अटैक का शिकार हो गई थीं। उन्हें लगने लगा था कि वह पागल तो नहीं हो गई हैं।

प्रशंसकों के लिए जारी होने वाले ताजा 'ऑन द जेलो' न्यूजलैटर में उन्होंने लिखा, उम्र के दूसरे दशक के अंत में (27-29 साल) जब वे ख्याति पा रही थीं और लग रहा था कि वह अजेय हैं, तभी एक दिन शारीरिक तौर पर अपाहिज होने का तगड़ा झटका लगा।

### पहली बार सुने पैनिक अटैक शब्द

सुरक्षाकर्मी उन्हें लेकर फौरन डॉक्टर के पास भागे। वहां पता लगा कि पैनिक अटैक आया है। उनके मुताबिक, असल में ये शब्द ही मैंने पहली बार सुने थे। विशेषज्ञ के पास जाकर पूछा कि क्या मैं पागल हो गई हूं। मेरी हालत देखकर उन्होंने हौसला बंधाते हुए कहा, ऐसा नहीं है, लेकिन मुझे सात से नौ घंटे नींद लेनी पड़ेगी। कैफीन का सेवन बंद करना होगा और कसरत करनी पड़ेगी।


### सिर्फ तीन घंटे की नींद ने किया बुरा हाल

52 वर्षीय लोपेज के मुताबिक, उस दौर में मैं रात में सिर्फ तीन से पांच घंटे ही सोया करती थी। पूरे दिन और कई रातें स्टूडियो के सेट पर वीडियो बनाते-बनाते ही कट जाती थीं। यहां तक कि वीकेंड पर भी फिल्मांकन चलता रहता था। तभी एक रोज काम करते-करते महसूस हुआ कि मेरा शरीर बर्फ की तरह जम गया है। न कुछ साफ दिखाई पड़ रहा था और न ही मुंह से कोई अल्फाज निकल पा रहा था।

### शरीर और दिमागी सेहत नजरअंदाज करना हो सकता है नुकसानदायक

मुझे पहली बार लगा कि शरीर और दिमागी सेहत को नजरअंदाज करना कितना नुकसानदायक हो सकता है। उस दौरान आलम यह था कि अपने शारीरिक लक्षणों से मैं बुरी तरह भयभीत हो गई थी। तभी मेरी फिटनेस का सिलसिला शुरू हुआ। जो आज मेरा स्वरूप है, वह इसी का नतीजा है। उस भयावह अनुभव के बाद मैंने स्वस्थ और संतुलित जीवन को मकसद बनाया।

# नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से ली गई ब्रह्मांड की पहली रंगीन छवि आई सामने



**वाशिंगटन , 12 जुलाई 2022।** नासा ने सोमवार को ब्रह्मांड की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से ली गई पहली रंगीन छवि जारी की। यह अब तक देखे गए ब्रह्मांड का उच्चतम-रिजॉल्यूशन वाली तस्वीर है। इस पहली रंगीन छवि के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी जानकारी दी।

**ब्रह्मांड का अब तक का सबसे गहरा दृश्य-** जो बाइडन ने एक ट्वीट में कहा कि वेब स्पेस टेलीस्कोप से पहली तस्वीर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। यह खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष के साथ अमेरिका और पूरी मानवता के लिए अच्छा दिन है। राष्ट्रपति बाइडन ने वेब की पहली छवि में से एक को जारी किया है और कहा कि यह ब्रह्मांड का अब तक का सबसे गहरा दृश्य है।

नासा अधिकारी नेल्सन ने एक बयान में कहा कि यह हमारे ब्रह्मांड की अब तक की सबसे गहरी छवि है। छवियों को एक-एक करके एक प्रेस कांफ्रेंस के बाद लोगों के सामने प्रदर्शित किया जाएगा।

### वेब टेलीस्कोप शक्तिशाली दूरबीनों में से एक

वेब टेलीस्कोप अंतरिक्ष में प्रक्षेपित सबसे शक्तिशाली दूरबीनों में से एक है। नासा के उप प्रशासक पाम मेलरॉय के एक बयान के अनुसार, इस मिशन में 20 वर्षों तक संचालित करने के लिए पर्याप्त अतिरिक्त ईंधन क्षमता है।

नासा में वेब के डिप्टी सीनियर प्रोजेक्ट साइंटिस्ट जोनाथन गार्डनर ने कहा यह वेब इतनी दूर आकाशगंगाओं की तलाश में बिग बैंग के बाद समय में पीछे की ओर देख सकता है, प्रकाश को उन आकाशगंगाओं से खुद तक पहुंचने में कई अरब साल लग गए हैं।

# यूक्रेन युद्ध पर भारत की दो टूक, निर्दोष लोगों की जान लेकर किसी समाधान पर नहीं पहुंच सकते

**न्यूयॉर्क , 12 जुलाई 2022।** संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की ब्रीफिंग में भारत ने एक बार फिर से यूक्रेन संकट पर चिंता जताई है। बैठक के दौरान संयुक्त राष्ट्र में भारतीय स्थाई मिशन के काउंसलर प्रतीक माथुर ने दो टूक में जवाब देते हुए कहा कि भारत का मानना है कि निर्दोष लोगों की जान की कीमत पर कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता है। हम अपनी इस बात को फिर से दोहराना चाहते हैं कि हमारी वैश्विक व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और क्षेत्रीय अखंडता और राज्यों की संप्रभुता के सम्मान पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हम यूक्रेन के लोगों की पीड़ा को कम करने के सभी प्रयासों का समर्थन करते हैं, विशेष रूप से यूक्रेन और रूसी संघ के बीच बातचीत को प्रोत्साहित करते हैं।




**भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर काफी चिंतित- प्रतीक माथुर-** प्रतीक माथुर ने कहा कि भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर काफी चिंतित है। संघर्ष के परिणामस्वरूप अपने लोगों, विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के जीवन को अनगिनत दुखों का सामना करना पड़ा है। लाखों लोग बेघर हो गए और पड़ोसी देशों में शरण लेने के लिए मजबूर हो गए। संघर्ष की शुरुआत से, भारत लगातार सभी तरह की शत्रुताओं को पूरी तरह से खत्म करने का आह्वान करता रहा है और शांति, संवाद एवं कूटनीति के हिस्से की वकालत करता रहा है।

**दोनों देशों की जंग में अब तक 15 हजार लोगों की मौत**

बता दें कि दोनों देशों के बीच जंग अभी भी छिड़ी हुई है और इसके कारण अब तक लगभग 15 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 4000 से अधिक आम नागरिकों की मौत हुई है। जबकि 10 हजार से अधिक सैनिकों की मौत हुई है।



# गायक और अभिनेता एडम वेड का 87 वर्ष की आयु में निधन, कभी रच दिया था इतिहास

**वाशिंगटन, 12 जुलाई 2022।** एक गेम शो होस्ट के रूप में दिखाई देने वाले एक डैपर कलाकार और अभिनेता एडन वेड का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह शाफ्ट, क्रेजी जो और क्लॉडाइन जैसी फिल्मों में दिखे। 1961 के दशक में वेड दुनिया के जाने-माने कलाकार थे।

उनकी पत्नी और गायक जेरी वेड ने कहा, पार्किंसन रोग से संघर्ष के बाद न्यूजर्सी के मोंटक्लेयर में उनका निधन घर पर ही हो गया। उन्हें टेक गुट ऑफ हर जैसे प्रेमगीत के साथ सफलता मिली जो द राइटिंग ऑन द वॉल के साथ और भी सफल रही। एक अश्वेत शख्स के रूप में उन्होंने गायकी और फिल्मों में इतिहास रच दिया था।

# विदेश भागने की फिराक में थे राष्ट्रपति राजपक्षे के भाई, एयरपोर्ट पर गुस्साए कर्मचारियों ने उल्टे पांव लौटाया

**कोलंबो , 12 जुलाई 2022।** श्रीलंका में प्रदर्शनकारियों का विरोध लगातार जारी है। इस बार सभी प्रदर्शनकारी आर-पार के मूड में दिख रहे हैं और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के घरों में डेरा डाले हुए हैं। इन सभी का कहना है कि जब तक हमारी मांगें नहीं मान ली जाती तब तक हमलोग यहां से हटने वाले नहीं है। वहीं इनसब के बीच श्रीलंका के मुख्य विपक्षी दल समागी जाना बालवेगया (एसजेबी) ने सोमवार को सर्वसम्मति से साजिथ प्रेमदासा को अंतरिम राष्ट्रपति पद के लिए नामित करने का फैसला किया है। वहीं श्रीलंका की संसद में 20 जुलाई को नए राष्ट्रपति का चुनाव होगा।

### देश से फरार होने की फिराक में थे राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के छोटे भाई बासिल राजपक्षे



प्रदर्शनकारियों के डर से राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के छोटे भाई बासिल राजपक्षे विदेश फरार होना चाहते थे लेकिन एयरपोर्ट कर्मचारियों ने इसका जोरदार विरोध किया जिससे उन्हें उल्टे पांव लौटना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बासिल राजपक्षे कोलंबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जैसे ही पहुंचे वैसे ही एयरपोर्ट के इमीग्रेशन स्टाफ और यूनियन ने बीती रात कामकाज बंद कर दिया और उनका विरोध करने लगे। कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी भी की। बासिल राजपक्षे सिल्क रूट का इस्तेमाल करके श्रीलंका से बाहर जाना चाहते थे।

### श्रीलंका में आठ प्रदर्शनकारी घायल

कोलंबो में टेंपल ट्रीज के भीतर दो समूहों के बीच झड़प के बाद आठ प्रदर्शनकारी घायल हो गए और उन्हें कोलंबो के राष्ट्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### श्रीलंका की संसद 20 जुलाई को नए राष्ट्रपति का चुनाव करेगी

श्रीलंका की संसद 20 जुलाई को नए राष्ट्रपति का चुनाव करेगी। स्पीकर महिंदा यापा अबेवर्दने ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अबेवर्दने ने एक बयान में कहा कि संसद शुक्रवार को फिर से बुलाई जाएगी और पांच दिन बाद नए राष्ट्रपति के चुनाव के लिए मतदान करेगी।

# श्रीलंका में अब साइकिल बनी सहारा, तेल की किल्लत व महंगे दाम से बढ़ी मांग

**कोलंबो , 12 जुलाई 2022।** श्रीलंका ऐतिहासिक आर्थिक संकट से जूझ रहा है। खाने पीने के सामान से लेकर ईंधन तक सबके दाम बेतहाशा बढ़ चुके हैं और अब तो इनका मिलना भी मुश्किल हो रहा है। ईंधन नहीं मिलने से वाहनों के चक्के थम गए हैं। ऐसे में जिंदगी की रफ्तार को बनाए रखने के लिए लोग विकल्प के रूप में साइकिलों को चुन रहे हैं।




%जीवन चलने का नाम, चलते रहो सुबह-शाम% गीत वैसे तो हर दौर के लिए मौजूं है, लेकिन आर्थिक दुश्वारियों से जूझ रहे श्रीलंकावासियों पर सटीक बैठ रहा है। रोजमर्रा के कामकाज के लिए साइकिल अब उनकी पहली पसंद बनती जा रही है। महंगाई और किल्लत ने उन्हें इसके लिए मजबूर कर दिया है। आम और खास सभी लोग आवश्यक कामकाज के लिए साइकिल को सहारा बना रहे हैं।

### घंटों कतार में लगने के बाद भी नहीं मिल रहा पेट्रोल

लोगों का कहना है कि वे पेट्रोल के लिए घंटों कतार में लगकर इंतजार नहीं कर सकते। कतारों में लगने के बाद भी पेट्रोल-डीजल नहीं मिल रहा है। ऐसे में राजधानी कोलंबो के एक ग्राहक ने कहा, कई लोगों ने साइकिल और सार्वजनिक वाहनों से आवाजाही शुरू कर दी है। देश में साइकिल की मांग भी लगातार बढ़ती जा रही है।

# तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के जाने के बाद तथाकथित वायरल चैट नए ग्रूप में नए नंबर से फिर हुआ वायरल




- » क्या पुलिस पता कर पाएगी वायरल चैट की वास्तविकता को।
- »लोगों का अनुमान है कि चैट सही है,इसी वजह से बार-बार वायरल हो रहा है ताकि जाँच हो।
- » क्या इस बार नए पुलिस अधीक्षक के आगमन पर यह चैट जाँच के दृष्टिकोण से वायरल हुआ है?
- » क्या पुलिस एडमिन से पूछेगी आखिर चैट वायरल करने वाला सदस्य कौन है?
- » पुलिस जिस वायरल चैट की जांच से बचना चाह रही है वह चैट लगातार उन को चुनौती देता क्यों दिख रहा है?
- » एक बार फिर वायरल चैट वीआईपी कोरिया मीडिया ब्रेकिंग में वायरल हुआ।
- » वाट्सएप समूह में कलेक्टर सहित स्टेनो व पटना थाना प्रभारी भी हैं सदस्य के तौर पर मौजूद।
- » चैट वायरल करने के बाद एडमिन ने खुद को ग्रूप से किया लेफ्ट ग्रूप हुआ बंद क्यों?
- » नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक से होगी इस चैट की वास्तविकता से पर्दा उठाने की उम्मीद।
- » क्या पुलिस के लिए चैट वायरल करने वाला चुनौती नहीं पत्रकार ही बन गया था चुनौती?
- » 5 महीना बाद एक बार फिर वायरल चैट का मुद्दा हुआ ताजा अब क्या करेगी पुलिस?

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 12 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** एक बार फिर पुलिसकर्मियों की आपसी बातचीत का वही वायरल चैट फिर से नए नंबर से नए ग्रूप में वायरल हो गया, वह भी तत्कालीन पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल सिंह ठाकुर के स्थानांतरण के बाद व नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के आगमन से पहले,यह वही चैट है जिस चैट का खबर प्रकाशन कर मामले की जांच की मांग की गई थी पर मामले की जांच की मांग करने वाले पत्रकार पर ही पूरा दोष पुलिस ने मढ़ दिया था, अब एक बार फिर इस चैट के वायरल होने पर फिर से इस चैट की जांच की मांग उठने लगी है, आखिर 5 महीने तक पुलिस इस चैट पर विवेचना करती रही पर अभी तक इस चैट के तहत तक नहीं पहुंच पाई है, आखिर यह कौन है जो पुलिसकर्मियों की चैट को बार-बार वायरल कर पुलिस को ही चुनौती दे रहा है? पुलिस उस चुनौती को ना मानकर पत्रकार को ही अपना चुनौती मान बैठी क्यों है? अब ऐसे में सवाल एक नहीं अनेक है कि आखिर चैट सही है या नहीं इससे पर्दा पुलिस उठा सकती है जो ना जाने क्यों नहीं उठा रही है? सिर्फ पुलिस अभी तक मौखिक ही इसे फर्जी मान बैठी है दस्तावेजों के साथ इसे फर्जी बताने में पुलिस भी अभी तक नाकाम रही है, पुलिस ने अभी तक यह नहीं बताया कि इस चैट को उन्होंने कहां पर जाँच कराया जहां से उन्हें फर्जी होने का प्रमाण मिला और आखिर प्रमाण मिला तो फिर कब इसका प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुलिस क्यों नहीं बताएगी कि यह चैट प्रमाणित हो चुकी है कि फर्जी है? ऐसा करने में पुलिस क्यों कतरा रही है यह भी एक बड़ा सवाल है पर पत्रकार पर एफआईआर करने पर पुलिस तनिक भी नहीं देर की थी, पत्रकार पर एफआईआर को लेकर पुलिस की किरकिरी भी जमकर हुई थी फिर भी पुलिस इस चैट की वास्तविकता से पर्दा नहीं उठा पाई है पर क्यों इसकी वजह पुलिस ही जाने?

### क्या नए पुलिस अधीक्षक वायरल चैट की जांच कराएंगे

जिस वाट्सएप चैट पर खबर प्रकाशन को लेकर पत्रकार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किया था जिसमे एक समुदाय विशेष के अधिकारी सहित समाज विशेष को बुरा भला कहने का जिक्र था और जिस चैट को पुलिसकर्मियों के आपसी बातचीत का चैट भी बताया गया था वह फिर से वाट्सएप समूह में वायरल हुआ है। पूर्व पुलिस अधीक्षक ने तो मामले में जो भी जांच अधिकारी नियुक्त किये और जिन्हें भी जांच का जिम्मा दिया उन्होंने पत्रकार के विरुद्ध पूरे मामले को लेकर षड्यंत्र रचा और पत्रकार को फंसाने का ही प्रयास किया क्योंकि पत्रकार पुलिस के उन कर्मचारियों के दोषपूर्ण कार्यप्रणाली को लेकर खबरों का प्रकाशन करता था और इसी वजह से जांच का जिम्मा मिलने पर वह पत्रकार के ही पीछे पड़ गए, लेकिन अब जबकि नए पुलिस अधीक्षक की पदस्थापना जिले में हुई है और उनके आगमन से पहले ही फिर से चैट वायरल हुआ है ऐसे में अब देखना है कि क्या नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक पूरे मामले की फिर से जांच कराकर असली दोषी तक पहुंच पाते हैं या वह चैट वायरल करने वाले तक पहुंचने का ही प्रयास करते हैं कि नहीं।

### यदि चैट फर्जी है तो पुलिस को बदनाम करने वाले तक पुलिस कब पहुंचेगी

पूरे मामले में पुलिसकर्मियों के बीच की वार्तालाप है चैट में यह वाट्सएप चैट में साबित किया गया है। अब चैट को पुलिस फर्जी बताते चली आ रही है ऐसे में चैट वायरल करने वाले तक पुलिस पहुंच पाती है कि नहीं यह देखने वाली बात होगी या फिर पुलिस किसी पत्रकार के ही पीछे दौड़ लगाकर अपनी बहादुरी साबित करती नजर आएगी यह भी देखने वाली बात होगी।

### यदि चैट फर्जी है तो बार-बार नए-नए नंबरों से वायरल क्यों हो रहा है

चैट पुनः नए नम्बर से वाट्सएप समूह में वायरल हुआ है, चैट वायरल करने वाले ने नए नम्बर का उपयोग किया है। पूरे मामले में दिलचस्प बात यह है कि चैट वायरल करने वाला सायबर का कितना बड़ा जानकार है जिस तक पुलिस नहीं पहुंच पा रही है जबकि वह नए नए मोबाइल नम्बरो का उपयोग कर चैट वायरल कर रहा है।

### क्या वायरल चैट मामले में एडमिन से पूछताछ होगी क्या एडमिन से पूछा जाएगा कि यह सदस्य कौन है

पूरे मामले में चैट वायरल जिस वाट्सएप समूह में पुनः किया गया है क्या उसके एडमिन तक पुलिस पहुंचेगी और उससे चैट वायरल करने वाले के बारे में पूछताछ करेगी या कानून का दुरुपयोग कर पुनः किसी और को फंसाने षड्यंत्र कर खुद की असफलता को जाहिर करेगी।

### चैट वायरल होने के बाद एडमिन ने इस ग्रूप को बंद कर दिया है पर क्या बंद करने से समस्या का समाधान होगा

चैट वायरल कर वाट्सएप समूह को फिर से बंद कर दिया गया है। अब कोरिया पुलिस के लिए चैट वायरल करने वाला चुनौती बना हुआ है क्योंकि जिले का सायबर सेल भी विभाग का मौन है क्योंकि वह चैट वायरल करने वाले सहित ग्रुप एडमिन तक नहीं पहुंच पा रहा है। आखिर चैट वायरल करने वाला यह क्यों मान रहा है कि यह चैट वायरल होने से समस्या का समाधान होगा यह समझ से परे है।

### पुलिस की पिछली जांच कार्यवाही कानून व्यवस्था पर अविश्वास कायम करने वाली साबित हुई थी

कोरिया जिले की पुलिस खासकर कुछ पुलिसकर्मियों के द्वारा वायरल चैट को लेकर जिस प्रकार की जांच एवम कार्यवाही पिछली बार की गई थी वह किसी आम व्यक्ति के कानून व्यवस्था पर विश्वास को कम करने वाली जांच कार्यवाही जैसी थी। एक खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकार पर केवल इसलिए पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया था और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का कोई अवसर नहीं छोड़ा था क्योंकि उस पत्रकार द्वारा निष्पक्ष पत्रकारिता की जा रही थी और वह पुलिस विभाग के कुछ पुलिसकर्मियों के दोषपूर्ण कार्यप्रणाली को लेकर खबर प्रकाशित करता था। पुलिस वायरल चैट और उसकी जांच करने की बजाए पत्रकार को फंसाने में अपनी पूरी ऊर्जा के साथ काम कर रही थी इसलिए भी वह चैट वायरल करने वाले तक नहीं पहुंच सकी बशर्ते वह एक आम व्यक्ति का कानून व्यवस्था पर से विश्वास कम करने का काम जरूर कर गई।

# रोका-छेका अभियान के तहत निगम द्वारा 46 मवेशियों को सड़क से उठाकर पहुंचाया गया गोठान

-नगर संवाददाता-

**कोरबा 12 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** नगर निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्र में चलाए जा रहे रोका-छेका अभियान के तहत 46 मवेशियों को सड़क व सार्वजनिक स्थानों से काऊकेचर के माध्यम से उठाकर सुरक्षित रूप से गोकुलनगर गोठान पहुंचाया गया, गोठान में निगम द्वारा इन मवेशियों के चारे, पानी आदि की पर्याप्त व्यवस्था कराई गई है। नगर निगम कोरबा द्वारा शहर की सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर खुले रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को प्रतिदिन अभियान चलाकर काऊकेचर के माध्यम से कांजीघर पहुंचाया जा रहा है। यहॉ उल्लेखनीय है कि शहर की सड़कों, चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर खुले रूप से विचरण करने वाले इन मवेशियों से आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है, आमनागरिकों को अनावश्यक परेशानी के साथ-साथ दुर्घटना आदि की संभावना बनी रहती है। इस समस्या को दूर करने के लिए निगम द्वारा रोका-छेका अभियान के तहत इन मवेशियों को कांजी घर या गौठान पहुंचाए जाने तथा वहां पर मवेशियों के चारा, पानी आदि की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। राज्य शासन द्वारा भी रोका-छेका अभियान संचालित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि विगत दो दिनों के दौरान अमले द्वारा कार्यवाही करते हुए तानसेन चौक से शास्त्री चौक से घंटाघर चौक से महाराणा प्रताप चौक, सी.एस.ई.बी.चौक होते हुए टी.पी.नगर चौक, पावर हाउस रोड, पुराने कोरबा शहर, सीतामणी व गौमाता चौक तक तथा विवेकानंद उद्यान से फोरलेन सड़क होते हुए ध्यानचंद चौक तक, तानसेन चौक से बालको, रूमगरा होते हुए ध्यानचंद चौक तक कोरबा पुराने शहर से सर्वमंगला की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्वच्छंद विचरण कर रहे 46 मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से सुरक्षित रूप से उठाकर गोकुलनगर गोठान पहुंचाया गया है। निगम द्वारा यह कार्यवाही रात्रि की समय की जा रही है, दिन के समय यह कार्यवाही करना आमजन की सुरक्षा व सुरक्षित आवागमन के मद्देनजर उचित नहीं होता, परिणाम स्वरूप निगम अमले द्वारा रात्रि के समय ही विभिन्न सड़कों का भ्रमण कर सड़कों पर बैठे व विचरण करते मवेशियों को काउकेचर के माध्यम से उठाकर गोठान पहुंचाया जा रहा है।महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने निगम क्षेत्र में निवासरत समस्त पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पालतू मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़े, घर पर ही सुरक्षित रूप से रखें। उन्होने कहा कि मवेशियों के सड़कों पर स्वच्छंद विचरण से आमजन को आवागमन में असुविधा होती है, दुर्घटना की संभावना बनी रहती है तथा मवेशियों को भी चोट लगने, घायल होने का भय बना रहता है, अतः मवेशियों को घर पर ही सुरक्षित रखें। उन्होने कहा कि निगम द्वारा रोका-छेका अभियान के तहत सड़कों से मवेशियों को उठाकर गोठान पहुंचाया जा रहा है, निर्धारित अर्थदण्ड अदा करने के बाद ही मवेशियों को छोड़ा जाएगा, अतः अर्थदण्ड व असुविधा से बचने के लिए मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़े। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निगम क्षेत्र के सभी मुख्य मार्गो, संपर्क सड़कों, सार्वजनिक स्थानों आदि में सघन रूप से रोका-छेका अभियान चलाएं, खुले में घूमते हुए मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से गोठान में सुरक्षित रूप से पहुंचाएं। गोठान में मवेशियों के लिए चारा, पैरा व शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था अबाध रूप से रहे, यह सुनिश्चित करें, साथ ही मवेशियों का समय-समय में स्वास्थ्य परीक्षण भी कराएं।



# मंदिर में चोरी और तोड़फोड़ के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



-नगर संवाददाता-

**कोरबा 12 जुलाई 2022 (घटती-घटना)।** रामपुर चौकी अंतर्गत आईटीआई सिंचाई कॉलोनी रामपुर स्थित एक धार्मिक केंद्र में बीती रात अज्ञात लोगों ने न केवल आभूषण और नकदी की चोरी की बल्कि वहां रखे पवित्र ग्रंथों को भी आग के हवाले कर दिया. परिसर को भी अपवित्र कर देने वाले अज्ञात लोगों का यह कुकृत्य जैसे ही सुबह पुजारी ने देखा उन्होंने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी ढ्ढ यह खबर दावानल की भांति तीव्र गति से फैली और लोग धार्मिक केंद्र के आसपास एकत्रित होने लगे ढ्ढ पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए ढ्ढ उन तत्वों के विषय में जानकारी हासिल करने का प्रयास किया गया, जिन लोगों ने यह हरकत की है ढ्ढ सुराग तलाशने के लिए खोजी डॉग बाघा की भी मदद ली गई। मामले पर तत्काल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 457, 380, 295 ए भादवि के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मौके पर सीन ऑफ क्राइम यूनिट कोरबा के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी एवं स्निफर डॉग को बुलाकर घटना स्थल का व्यापक रूप से सर्चिंग कराया गया तथा मौके से साक्ष्य एकत्रित किए गए। मुखबिरों से प्राप्त जानकारी, घटनास्थल पर पाए गए साक्ष्य के आधार पर आरोपीगण दादू उर्फ चंद्रभुवन पिता मंगल सिंह एवं दर्शन लाल पिता गोवर्धन लाल को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया ढ्ढ जिनके द्वारा घटना घटित करना स्वीकार किया गया है। मामले में विवेचना कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वहीं पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया।

# छत्तीसगढ़ शासन ने छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन को दी मान्यता



-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 12 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ शासकीय सेवक (सेवा संघ) नियम 1967 के नियम 4 के तहत शासकीय कर्मचारियों के संगठनों को मान्यता प्रदान की जाती है। उप सचिव सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा दिनांक 11.07.2022 को छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन को मान्यता प्रदान की गई है। प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन पहला संगठन है जिसे छत्तीसगढ़ शासन ने 2022 में मान्यता प्रदान की है।उन्होंने बताया कि शासन से मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों को शासन के आदेशानुसार स्थानांतरण से छूट रहता है। उन्होंने बताया कि राज्य शासन से मान्यता लेने कुछ शर्तों का पालन करना होता है। जिसमें संगठन के सदस्यों की संख्या, बैंक खाते में प्रतिवर्ष जमा होने वाले सदस्यता शुल्क का ऑडिट रिपोर्ट जिसका पंजीयक फर्म्स एवं संस्थाएँ द्वारा परीक्षण कर प्रमाणीकरण किया जाता है।
फेडरेशन के उप प्रान्ताध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि शासन केवल उन्हीं संगठनों को ही मान्यता प्रदान करती है जो सदस्यता ऑडिट रिपोर्ट के साथ अन्य दस्तावेजों का संधारण करती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ का एकमात्र सक्रिय संगठन है जो विगत कई वर्षों से शिक्षकों की सेवा शर्तों से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए सक्रियता से कार्य कर रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन को राज्य शासन से मान्यता मिलने पर शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है। डरेशन को मान्यता देने संबंधी प्रशासकीय स्वीकृति के लिए पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने राज्य शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# शातिर मोटर सायकल चोर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में

-नगर संवाददाता-

**सूरजपुर 12 जुलाई 2022(घटती-घटना)।** पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधिकारियों को चोरी की वारदात पर अंकुश लगाने तथा चोरी की घटना में को अंजाम देने वाले चोरों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में दिनांक 11 जुलाई 2022 को कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम सोहागपुर का भज्जु बासदेवा उर्फ लल्लू पिता रामाधार उर्फ राम आधार उम्र 28 वर्ष चोरी की पल्सर मोटर सायकल बिक्री करने के लिए चन्द्रपुर ढुंढरा में ग्राहक की तलाश कर रहा है।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी सूरजपुर गीता वाघवानी के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर की पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए चंदरपुर में घेराबंदी कर पल्सर मोटर सायकल सहित भज्जु बासदेवा को पकड़ा। मोटर सायकल के संबंध में दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। पूछताछ पर उसने बताया कि 1 माह पूर्व सोनगरा जंगल से पल्सर मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार किया। मामले में चोरी की 1 पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 16 सीबी 5866 कीमत करीब 30 हजार रूपये का जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 41(1-4)/379 भादसं के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी पूर्व में भी करंजी से मोटर सायकल चोरी किया था इस मामले में आरोपी के विरूद्ध न्यायालय से स्थाई वारंट जारी था। चौकी करंजी की पुलिस कोतवाली पहुंचकर स्थाई वारंट को तामील किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एसआई गजपति मिर्रे, सुनीता भारद्वाज, आरक्षक रामकुमार नायक व सत्यम सिंह सक्रिय रहे।






**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202207020700009**

**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2021-2022**
**बिशुनपुर प .ह.न. 00019 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-पुनीत कुजूर,**
**अनवेदक पक्षकार- अन्थेरियस तिर्की**

**ईश्तहार**

आवेदक पुनीत कुजूर आ0 क्लेमेंट माता तारा सुमन्ती कुमार व अन्य निवासी बिशुनपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम बिशुनपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1/111 रकबा 0.065 हे0 में से रकबा 0.040 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 31-12-2004 के माध्यम से नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पेश किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05.08.2022 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/07/2022 को जारी किया जाता है।

सील | तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

**रा0प्र0क्रं0- /अ-6/2021-22**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जात है कि आवेदक रविशंकर जायसवाल, प्रेमचंद जायसवाल, कपूरचंद जायसवाल, आ0 स्व0 विश्वनाथ जायसवाल, निवासी ग्राम चेमी,थाना-लचगली तहसील व जिला रामानुजगंज-बलरामपुर छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि मोहल्ला-पाण्डेयपुरा,नगर अम्बिकापुर,स्थित नजूल प्लॉट 1801/4836/20 रकबा 0.010 एकड़ भूमि को माननीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, अम्बिकापुर के न्यायालय में संचालित व्यवहार वाद क्रमांक 129अ/2019 में आपसी सहमति के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत के समक्ष प्रकरण में दिनांक 14.05.2022 को समझौता के आधार पर आदेश पारित करते हुए आपस में बंटवारा करते हुए आज्ञप्ति पारित किया गया है। पारित आज्ञप्ति के अनुसार रविशंकर जायसवाल को रकबा $49^{1/2}$x25 वर्गफीट,प्रेमचंद जायसवाल को रकबा $49^{1/2}$x33 वर्गफीट, एवं कपूरचंद जायसवाल को रकबा 33x25 वर्गफीट प्रदान किया गया है। अतः माननीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 अम्बिकापुर के न्यायालय के व्यवहार वाद क्रमांक 129अ/2019 में आपसी सहमति के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वारा पारित आदेश दिनांक 14.05.2022 के आधार पर आदेश पारित के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 29/07/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 11/07/2022 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील | नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

**रा0प्र0क्रं0- /अ-6/2021-22**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशुतोष जैन आ0 विजय जैन,उम्र-18 वर्ष निवासी -ब्रम्हवार्ड राममंदिर रोड, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि अनावेदक/विक्रेता- मो0 हबीब खान, आ0 मो0 जलील खान उम्र-72 वर्ष निवासी-पुराना बस स्टैण्ड, दर्रीपारा,अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के स्वामित्व व हक की मोहल्ला-पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 4011/7 रकबा 990 वर्गफीट भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट 4011/7 रकबा 990 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 10.06.2022 के द्वारा अनावेदक/विक्रेता मो0 हबीब खान,उम्र-72 वर्ष निवासी पुराना बस स्टैण्ड, दर्रीपारा, अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 से मेरे द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 10.06.2022 के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25/07/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 08/07/2022 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील | नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

**रा0प्र0क्रं0- /अ-6/2021-22**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशुतोष जैन आ0 विजय जैन,उम्र-18 वर्ष निवासी -ब्रम्हवार्ड राममंदिर रोड, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि अनावेदक/विक्रेता-श्रीमती कमरूनिशा पत्नी मो0 हबीब खान, उम्र-58 वर्ष निवासी-पुराना बस स्टैण्ड, दर्रीपारा,अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के स्वामित्व व हक की मोहल्ला-पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 4011/12 रकबा 396 वर्गफीट भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट 4011/12 रकबा 396 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 10.06.2022 के द्वारा अनावेदक/विक्रेता श्रीमती कमरूनिशा पत्नी मो0 हबीब खान,उम्र-58 वर्ष निवासी पुराना बस स्टैण्ड, दर्रीपारा, अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 से मेरे द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 10.06.2022 के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25/07/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 08/07/2022 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील | नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

CMYK

# सविता के शानदार प्रदर्शन से महिला हॉकी विश्वकप में भारत ने दर्ज की पहली जीत

## कनाडा को शूट आउट में 3-2 से हराया

**टेरेसा (स्पेन), 12 जुलाई 2022।** कप्तान और गोलकीपर सविता के शानदार प्रदर्शन से भारत ने मंगलवार को यहां एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के क्लासिफिकेशन मुकाबले में कनाडा को शूट आउट में 3-2 से हराकर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। निर्धारित समय के बाद दोनों टीम 1-1 से बराबर थीं। मेडेलाइन सेको ने 11वें मिनट में ही कनाडा को बढ़त दिला दी थी लेकिन भारत 58वें मिनट में सलीमा टेटे के गोल से बराबरी हासिल करने में सफल रहा। भारत की जीत में हालांकि सबसे अहम भूमिका गोलकीपर सविता की रही जिससे टीम टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज कर सकी। नौवें से 16वें स्थान के क्लासिफिकेशन मुकाबले में भारतीय कप्तान ने शूट आउट में विरोधी टीम के छह प्रयासों को नाकाम किया जबकि नवनीत कौर, सोनिका और नेहा ने गोल दागकर भारत की जीत सुनिश्चित की। स्पेन के खिलाफ क्रॉसओवर में निराशाजनक हार के बाद भारत ने कनाडा के खिलाफ आक्रामक शुरुआत की। भारत के शुरुआती दबाव से निपटने के



बाद कनाडा ने गेंद को गोल में पहुंचा दिया लेकिन रैफरी ने इसे अस्वीकृत करते हुए पेनल्टी कॉर्नर दिया और नताली सोरिस्यू गोल करने में नाकाम रहीं। कनाडा को इसके कुछ मिनट बाद एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार टीम ने वैरिएशन पर गोल दाग दिया। कैथलीन लीही ने भारतीय डिफेंस को भ्रमित करते हुए गेंद सेको की ओर बढ़ाई जिन्होंने इसे गोल में पहुंचा दिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में मजबूत शुरुआत की और कई बार कनाडा की रक्षापंक्ति को भेदा लेकिन गोल करने में सफलता नहीं मिली। मोनिका ने कई अच्छे मूव बनाए जबकि नवनीत कौर, नेहा और वंदना कटारिया की तिकड़ी ने कनाडा के डिफेंस को लगातार दबाव में रखा। नवनीत और वंदना ने 25वें मिनट में शानदार मूव बनाया लेकिन इनके प्रयास को गोलकीपर रोवन हैरिस ने नाकाम कर दिया। मध्यांतर के बाद भी भारत ने हमले जारी रखे। लालरेमसियामी ने कनाडा की रक्षापंक्ति को भेदने की कोशिश लेकिन विफल रहीं। भारत को बराबरी हासिल करने का शानदार मौका मिला लेकिन सर्कल के अंदर से नवजोत कौर का शॉट गोल पोस्ट के ऊपर से निकल गया। सविता ने इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार बचाव करते हुए कनाडा को बढ़त दोगुनी करने से रोका। भारत को तीसरे क्वार्टर के अंतिम लम्हों में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम इसे गोल में नहीं बदल सकी। शुरुआती गोल के बाद कनाडा की टीम अधिक मौके नहीं बना सकी। चौथे और अंतिम क्वार्टर में भी भारत ने बराबरी का गोल करने के लिए प्रयास जारी रखा।भारत को कई पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गुरजीत कौर इन्हें गोल में नहीं बदल सकी। भारत को अंततः सलीमा टेटे ने बराबरी दिलाई जब पेनल्टी कॉर्नर पर गुरजीत की ड्रैग फ्लिक को कनाडा की गोलकीपर के रोकने के बाद उन्होंने रिबाउंड पर गोल दागा। कार्ली योहानसन को पेनल्टी कॉर्नर पर कनाडा को एक बार फिर बढ़त दिलाने का मौका मिला लेकिन वह गोल नहीं कर सकी। भारत नौवें से 12वें स्थान के प्ले आफ में बुधवार को जापान से भिड़ेगा।



## महिला यूरो 2022: इंग्लैंड ने नॉर्वे को 8-0 से हराया

**ससेक्स, , 12 जुलाई 2022।** बेथ मीड की हैट्रिक की बदौलत इंग्लैंड ने यहां द फाल्मर स्टेडियम में यूरो 2022 के अपने दूसरे ग्रूप स्टेज मैच में दो बार की यूरोपीय चैंपियन नॉर्वे को 8-0 से हराया। उल्लेखनीय है कि अब तक किसी भी टीम (पुरुषों और महिलाओं) ने यूरो मैच में आठ गोल नहीं किए थे। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने ग्रूप ए में अपने दोनों मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। खेल के पहले दस मिनट के दौरान नॉर्वे बेहतर दिख रहा था लेकिन इसके बाद इंग्लिश टीम ने नॉर्वे को कोई मौका नहीं दिया। मैच के 12 वें मिनट फाउल के बाद इंग्लैंड को पेनल्टी दी गई और जॉर्जिया स्टैनवे ने इसे गोल में बदलकर इंग्लिश टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके ठीक तीन मिनट बाद इंग्लैंड ने लॉरेन हेम्प के शानदार गोल की बदौलत अपनी बढ़त को दोगुना कर लिया। मैच के 29वें मिनट में एलेन व्हाइट ने एक और गोल कर इंग्लैंड की बढ़त 3-0 कर दी। बेथ मीड ने 34वें और 38वें मिनट में लगातार दो गोल करके टीम की बढ़त 5-0 कर दी। व्हाइट ने 41वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया और हाफ टाइम से पहले इंग्लिश टीम की बढ़त 6-0 कर दी।

पहले हाफ की समाप्ति पर इंग्लिश टीम 6-0 से आगे रही। दूसरे हाफ में मैच के 66वें मिनट में, एलेसिया रूसो ने गोल कर इंग्लैंड को 7-0 से आगे कर दिया। मेड ने 81वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की और इंग्लैंड के लिए आठवां गोल किया और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

## इंग्लैंड टेस्ट में 'और सुधार की गुंजाइश': मैकुलम

**लंदन,12 जुलाई 2022।** इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कोच के तौर पर शानदार आगाज करने वाले न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैंडन मैकुलम ने कहा कि उनकी टीम में अभी 'सुधार की और गुंजाइश' है जिसमें हर परिस्थितियों में जीत दर्ज करना नया मानदंड बनना चाहिये।



मैकुलम के कोच बनने के बाद इंग्लैंड ने अपने शुरुआती चार मैचों में बेहद आक्रामक रूख अपना कर सभी में जीत दर्ज की।

मैकुलम ने कहा, हमने अभी 'पूर्णता हासिल' नहीं की है। अभी एक महीना ही हुआ है, हमने कुछ शानदार नतीजे देखे हैं और क्रिकेट की दुनिया से इसे सराहा भी है लेकिन हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि यह हमारे लिए नया मानदंड बने।

उन्होंने कहा, हमें खेलने के इस तरीके को हर तरह की परिस्थितियों में आजमाना होगा और यही सबसे बड़ी चुनौती होगी।

मैकुलम के कोच बनने के बाद इंग्लैंड ने पिछले 18 महीने के लचर प्रदर्शन से उबरते हुए न्यूजीलैंड को टेस्ट श्रृंखला में 3-0 और फिर भारत को पांचवें टेस्ट में हराकर शानदार वापसी की।

न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि घरेलू परिस्थितियों के नतीजे को विदेशों में हासिल करना टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा, जाहिर है हमें दुनियाभर की विभिन्न परिस्थितियों में सामंजस्य बैठाना होगा। इस टीम की अच्छी बात यह है कि दोनों श्रृंखलाओं में खिलाड़ी दबाव से अच्छी तरह से निपटने में सफल रहे।

## हरमनप्रीत और मंधाना चमकी,श्रीलंका के खिलाफ दमदार प्रदर्शन से रैंकिंग में हुआ सुधार

**दुबई 12 जुलाई 2022।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और उपकप्तान स्मृति मंधाना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मंगलवार को जारी नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में एक-एक स्थान का सुधार किया है। हरमनप्रीत बल्लेबाजों की रैंकिंग में 13वें स्थान पर है जबकि मंधाना नौवें स्थान के साथ इसमें शीर्ष भारतीय है। तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में हरमनप्रीत ने 59.50 की औसत से 119 रन बनाने के साथ तीन विकेट भी झटक कर भारतीय टीम को श्रृंखला में 3-0 की बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वह श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गयी। मंधाना ने इस श्रृंखला में 52 के औसत से रन बनाये। उन्होंने इस दौरान एक शतक भी जड़ा। रैंकिंग सूची में आगे बढ़ने वाली अन्य भारतीय बल्लेबाजों में



शेफाली वर्मा (तीन स्थान ऊपर 33वें), यास्तिका भाटिया (एक स्थान ऊपर 45वें) और गेंदबाजी-ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर (आठ स्थान ऊपर 53वें स्थान पर) शामिल हैं। गेंदबाजों में राजेश्वरी गायकवाड़ तीन स्थान के सुधार के साथ संयुक्त नौवें जबकि मेघना सिंह दो स्थान के सुधार के साथ 43वें और वस्त्राकर दो स्थान के सुधार के साथ संयुक्त 48वें स्थान पर पहुंच गयी। इस दौरे पर टीम में जगह नहीं पाने वाली अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी गेंदबाजों की सूची में अपने छठे स्थान पर बनी हुई हैं। बल्लेबाजों की सूची में ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली और इंग्लैंड की नताली स्किवर शीर्ष दो स्थानों पर हैं, जबकि इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन और दक्षिण अफ्रीकी शबनीम इस्माइल गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर हैं।



## भारत और पाकिस्तान के बीच दो मैच पक्के

**नई दिल्ली 12 जुलाई 2022।** क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक अच्छी खबर है। जब-जब भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच खेला जाता है, क्रिकेट प्रशंसकों का रोमांच अपने चरम पर होता है। फिलहाल भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला बंद है। लेकिन, आईसीसी टूर्नामेंट या फिर किसी अन्य महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में दोनों टीमों के बीच मुकाबले खेले जाते हैं। इससे पहले भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 विश्व कप 2021 में मुकाबले खेले गए थे। इस मैच में भारत को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। एक बार फिर से इस साल भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 विश्व कप में मुकाबला देखने को मिलेगा। अब तक के शेड्यूल के मुताबिक दिवाली से ठीक 1 दिन पहले 23 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में महा मुकाबला खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया टूरिज्म के मुताबिक इस मैच को लेकर सभी टिकट बिक चुकी है। इसके अलावा एक और मुकाबला एशिया कप में खेला जाएगा। एशिया कप का आयोजन श्रीलंका में होने वाला है। हालांकि, अभी किस तरीके से वहां की परिस्थितियां हैं, कहीं ना कहीं आयोजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं, भारत और पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम के बीच में भी बड़ा भिड़ंत होने वाला है। 31 जुलाई को कॉमनवेल्थ गेम में भारतीय महिला टीम का सामना चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से होगा कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भारतीय महिला टीम की घोषणा भी कर दी गई है।

## ऐश्वर्या राजेश-स्टारर ड्राइवर जमुना का ट्रेलर जारी




डुनिर्देशक पी. किंसलिन की बेसब्री से प्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर, ड्राइवर जमुना का एक कठिन ट्रेलर, जिसमें अभिनेत्री ऐश्वर्या राजेश मुख्य भूमिका में हैं, चार भाषाओं तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में जारी किया गया है। जहां अभिनेता शिवकार्तिकेयन और शशिकुमार ट्रेलर के तमिल संस्करण को जारी करने वालों में शामिल थे, सुरेश प्रोडक्शंस ने तेलुगु संस्करण और अभिनेता किशोर ने कन्नड़ संस्करण जारी किया। ट्रेलर का मलयालम संस्करण अभिनेता उन्नी मुकुंदन द्वारा जारी किया गया था। ऐसा लगता है कि, ऐश्वर्या राजेश, जो रूढ़िवादिता को तोड़ने के लिए जानी जाती हैं, ने इस फिल्म में एक और भूमिका निभाई है जो एक अभिनेत्री के लिए पहली बार हो सकती है। ऐश्वर्या राजेश ने ड्राइवर जमुना में एक कैब ड्राइवर की भूमिका निभाई है, जिसे किन्सलिन द्वारा निर्देशित किया गया है, जिसकी पिछली फिल्म, वथिकुची बॉक्स ऑफिस पर समीक्षकों द्वारा प्रशंसित थी।

ट्रेलर इस तथ्य को दूर करता है कि कहानी एक विशेष यात्रा के दौरान होती है जिसमें यात्री शामिल होते हैं जो एक साझा ड्राइव का विकल्प चुनते हैं। ऐश्वर्या की यात्रा, वालाजाबाद और ईस्ट कोस्ट रोड के बीच है। मनोरंजक ट्रेलर एक झलक देता है कि कैसे कैब चालक एक गिरोह के बीच गोलीबारी में फंस जाता है, जो एक आदमी और पुलिस को मारने के लिए बाहर है। फिल्म, जिसमें गोकुल बेनॉय की छायांकन है, में घिबरन का संगीत और रामर द्वारा संपादन है।

## अजय देवगन ने निर्देशक के रूप में अपनी चौथी फिल्म भोला का निर्देशन किया शुरू




एविएशन थ्रिलर रनवे 34 के बाद अजय देवगन एक और फिल्म का निर्देशन करने के लिए तैयार हैं। अजय देवगन इस बार अपनी चौथी फिल्म भोला का निर्देशन करने के लिए तैयार है। फिल्म निर्माण के चरण में है और अजय 20 अगस्त तक फिल्म की मुख्य फोटोग्राफी पूरी कर लेंगे। फिल्म में मुख्य कलाकारों के रूप में तब्बू और अजय ही नजर आएंगे। भोला 30 मार्च, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।

यह पूछे जाने पर कि वह अपनी अप्रैल की रिलीज रनवे 34 के बाद इतनी जल्दी फिल्म की शूटिंग कैसे कर लेते हैं, अभिनेता ने कहा, ठीक है, तैयारी पहले से की गई थी। यह सिर्फ कैमरे के पीछे फिर से आने और तीन जादुई शब्द रोशनी कहने का सवाल था, कैमरा, एक्शन।वर्कफ्रंट की बात करें तो अजय के पास थैंक गॉड और दृश्यम 2 रिलीज के लिए तैयार है।

## मणिरत्नम की पोन्नियिन सेल्वन में अभिनेत्री तृषा का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी



निर्देशक मणिरत्नम की बहुप्रतीक्षित फिल्म पोन्नियिन सेल्वन के निर्माताओं ने फिल्म में राजकुमारी कुंडवई के रूप में अभिनेत्री तृषा का पहला लुक जारी किया। लाइका प्रोडक्शंस और मद्रास टॉकीज, जो संयुक्त रूप से फिल्म का निर्माण कर रहे हैं, ने फर्स्ट लुक पोस्टर को ट्वीट किया और कहा, पुरुषों की दुनिया में, साहस की एक महिला। प्रस्तुत है राजकुमारी कुंदवई।निर्माताओं ने फिल्म में आदित्य करिकालन के रूप में विक्रम का फर्स्ट लुक पोस्टर, वंथियाथेवन के रूप में कार्थी और फिल्म में रानी नंदिनी के रूप में ऐश्वर्या राय बच्चन को पहले ही जारी कर दिया है। फिल्म, जिसका पहला भाग इस साल 30 सितंबर को रिलीज होगी, पांच भाषाओं- तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में रिलीज होगी।

यह फिल्म प्रख्यात लेखक कल्कि के क्लासिक तमिल उपन्यास पोन्नियिन सेल्वन पर आधारित है। मणिरत्नम द्वारा अपना ड्रीम प्रोजेक्ट कहे जाने वाली यह फिल्म देश में अब तक की सबसे महंगी परियोजनाओं में से एक होगी। फिल्म अपने प्रत्येक विभाग को संभालने के व्यवसाय में सर्वश्रेष्ठ है। ए आर रहमान इस महाकाव्य ऐतिहासिक के लिए संगीत दे रहे हैं और सिनेमैटोग्राफी रवि वर्मन द्वारा की गई है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कला निर्देशक थोट्टा थरानी प्रोडक्शन डिजाइन के प्रभारी हैं जबकि मणिरत्नम के विश्वसनीय संपादक श्रीकर प्रसाद इसके संपादन का काम संभाल रहे हैं।

## राम चरण आरसी15 की आकर्षक शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार




शंकर षणमुगम के निर्देशन में आरआरआर अभिनेता राम चरण की बहुप्रतीक्षित बड़े बजट की फिल्म के फिल्मांकन का नवीनतम शेड्यूल शुरू होने वाला है। राम चरण एक उत्साहित गीत संख्या की शूटिंग के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसे महंगे सेट और कई स्थानों पर कोरियोग्राफ किया जा रहा है। कॉलेज-थीम वाले ट्रैक में करीब 400 डांसर शामिल होंगे।

जैसा कि पहले बताया गया था, फिल्म, जिसका कामकाजी शीर्षक आरसी15 है, की शूटिंग अमृतसर सहित अन्य जगहों पर की जाएगी। शनमुघम नेत्रहीन असाधारण गीतों की कैनिंग की भव्यता के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं, इसलिए यह विशेष गीत फिल्म के प्रमुख आकर्षणों में से एक होने की उम्मीद है।

गणेश आचार्य द्वारा कोरियोग्राफ किए जा रहे इस गाने में, राम चरण एक नए रूप में दिखाई देंगे, जिसे निर्माताओं द्वारा तेजस्वी कहा जा रहा है। संगीत हमेशा लोकप्रिय थमन द्वारा तैयार किया जा रहा है। कियारा आडवाणी ने आरसी15 में राम चरण के साथ मुख्य भूमिका निभाई है, जिसे दिल राजू द्वारा निर्देशित किया जा रहा है।













CMYK

## संक्षिप्त समाचार



### हिमाचल प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सीनियर ऑब्जर्वर नियुक्त किये गए भूपेश बघेल

रायपुर, 12 जुलाई 2022। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर आला कमान ने भरोसा जताते हुए बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। हिमाचल प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सीएम बघेल को सीनियर ऑब्जर्वर यानि वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव को गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसके लिए कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल की तरफ से एक आदेश जारी किया गया है। वहीं राजस्थान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### 3 साल की मासूम बच्ची से रेप, कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई



बिलासपुर, 12 जुलाई 2022। 3 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को फास्ट ट्रैक कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश विवेक तिवारी की अदालत में मामले की सुनवाई की गई.

जिले के कोटा थाना क्षेत्र का मामला है. बीते 18 जून 2021 को आरोपी शिवप्रसाद मार्को ने दुष्कर्म की वारदात को दिया था अंजाम. अदालत ने फैसले में कहा कि ऐसी प्रवृत्ति तो जानवरों में भी नहीं पाई जाती. आरोपी को अब अंतिम सांस तक जेल में जीवन बताना पड़ेगा।

### गांव में खूनी संघर्ष के बाद ग्रामीणों ने घेरा एसपी दफ्तर

कवर्धा, 12 जुलाई 2022। कवर्धा जिले के धरमपुरा बलवा मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय का घेराव किया। ग्रामीणों ने पुलिस के कार्यप्रणाली पर एकपक्षीय कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने एक पक्ष के 4 जबकि दूसरे पक्ष के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही गांव वालों ने एक पक्ष के 8 लोगों पर लगाए गए एट्रोसिटी मामले को वापस लेने की मांग की है। ग्रामीणों ने घटना की सीसीटीवी फुटेज को भी सार्वजनिक करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि पिपरिया थाना क्षेत्र में आने वाले धरमपुरा गांव में दो पक्षों के बीच सोमवार सुबह मारपीट शुरू हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को गांव की सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। हथियारों से उपद्रव होता देख लोग दहशत में आकर घरों में दुबके रहे। बताया जा रहा है कि गांव में गाय चराने और गौठान बनाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक गाय और गौठान को लेकर दो परिवारों के बीच विवाद हुआ था।

# बेरोजगारी को लेकर सीएम बघेल ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

## 8 साल में कितने को रोजगार मिला,सूची जारी करें,राष्ट्रपति चुनाव पर भी कसा तंज

रायपुर, 12 जुलाई 2022। राजीव भवन रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस की बैठक खत्म हो गई है. बैठक में संगठन चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई. बैठक खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि जिला और ब्लॉक में चुनाव अधिकारी जाएंगे.

बेरोजगारी को लेकर बीजेपी के बयान पर सीएम बघेल ने कहा कि 8 साल से केंद्र में भाजपा की सरकार है. उनको सूची जारी करना चाहिए कि कितने लोगों को रोजगार दिया गया है. कोरोना काल में कितने लोग बेरोजगार हुए, उसकी भी सूची जारी करना चाहिए. अग्निवीर जैसा शिक्षावीर चिकित्सा वीर बनाएंगे क्या?

राष्ट्रपति चुनाव पर सीएम ने तंज कसते हुए कहा कि आत्मा की आवाज सुनकर वोट डाले जाएंगे. भाजपा नेताओं को अपने पुराने साथी का सहयोग करना चाहिए. सवाल ऑडियोलॉजी का है. मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल इलाका है. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने आदिवासियों के हित में जिस तरीके से काम किया है. इसकी तुलना मध्य प्रदेश से कर लीजिएगा. आदिवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने, उनको अधिकार दिलाने, पेसा नियमावली बनाने को लेकर हो या चाहे जमीन वापस करने की बात हो, सारी चीजों की व्यवस्था छत्तीसगढ़ में की गई है. इतना उनके शासित राज्यों में किया गया है कि नहीं, उसकी तुलना करनी चाहिए.




**दूसरे राज्य में छग की प्रशंसा होना अच्छी बात**

केंद्रीय मंत्रियों के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ मॉडल को देखने केंद्रीय मंत्री छत्तीसगढ़ आ रहे हैं. गुजरात मॉडल फेल हो चुका है. छत्तीसगढ़ मॉडल किस तरीके से काम कर रहे हैं, कैसा काम किया जा रहा है उसको देखने आ रहे हैं और प्रशंसा करके जा रहे हैं, यह अच्छी बात है.

### गुजरात में छत्तीसगढ़ मॉडल की होगी चर्चा

केंद्र की भाजपा सरकार आदिवासियों के साथ कुठाराघात करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. ऐसे में आदिवासियों की बात करते हैं जबकि उनको नुकसान पहुंचाने के लिए सारे प्रावधान किए जा रहे हैं. गुजरात चुनाव पर बघेल ने कहा कि अगली बार थोड़ी कसर रह गई थी. इस बार वह कसर नहीं रहेगी. सारे मंत्री गुजरात जा रहे हो तो छत्तीसगढ़ मॉडल की भी चर्चा होगी. राज्यपाल द्वारा नियमितीकरण विधेयकों को मंजूरी देने पर सीएम ने कहा कि बहुत सारे अभी पेंडिंग है. उसकी भी अपेक्षा करते हैं. जितने भी पेंडिंग हमारे विधानसभा अधिनियम बने हैं संशोधन किए हैं. जल्दी राज्यपाल उसमें स्वीकृति प्रदान करें.

### सड़कों का नाम महापुरुषों के नाम से करने जा रहे

नवा रायपुर में नामकरण को लेकर सीएम ने कहा कि अधूरे सपने देख रहे हैं. रमन सिंह 15 सीटों से 14 सीटों में रह गए हैं. 2023 के विधानसभा चुनाव में 14 से पता नहीं कितने होंगे. उनके कार्यकाल में महापुरुषों को स्थान नहीं मिलता था. उनका नाम लेना भी उचित नहीं समझते थे. हमने महापुरुषों के नाम से कई कार्यक्रम किए और सड़कों का नाम भी अब महापुरुषों के नाम से करने जा रहे हैं. अनेक महापुरुषों के नाम से नामकरण किया गया है. अगर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह सहमत होंगे तो उनके नाम से भी सड़क का नामकरण कर देंगे।

# नेशनल हाईवे 30 में वाहनों की लगी लंबी लाइन,नदी का पानी आ जाने से एनएच जाम

सुकमा, 12 जुलाई 2022। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कोंटा बार्डर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में आधी रात से शबरी-गोदावरी नदी का पानी आ जाने से चट्टी के पास एनएच जाम हो गया है। तकरीबन आधे दर्जन यात्री बसें और दर्जनों माल वाहक वाहानों की कतारें कोंटा बार्डर पर लगी हुई है। ज्ञात हो कि तेलंगाना-आंध्रप्रदेश के सीमा क्षेत्र के पास सोमवार से ही राज मार्ग पर बाढ़ का पानी आ गया था। इसके चलते लाइफ लाइन कहे जाने वाला यह मार्ग बाधित था। अब कोंटा बार्डर के पास एनएच जाम हो जाने से कोंटा छत्तीसगढ़ से आंध्रप्रदेश-तेलंगाना का सीधा संपर्क टूट गया है।



वहीं मंगलवार से कई यात्री कोंटा में फंसे हुए हैं। दूसरी ओर कोंटा के शबरी तटों पर बसे गाँवों के लिए भी प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है। ज्ञात हो कि कोंटा बार्डर से लगे हुए शबरी तथा गोदावरी उफान पर होने की वजह से बैक वाटर से प्रति वर्ष यहाँ ऐसी स्थिति निर्मित होती है।

# 'भगवान' को लगा लखमा का फोन ! मंत्री कवासी बोले-भगवान ने सुन लिया, बस्तर में बारिश बूढ़ादेव की देन,रमन सिंह ने बस्तर को नर्क बना दिया था

रायपुर, 12 जुलाई 2022। छत्तीसगढ़ के बस्तर में बाढ़ जैसी स्थितियों को लेकर प्रदेश के उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने बातचीत की. उन्होंने कहा कि वे बस्तर का दौरा करेंगे. वहां जनता से मुलाकात कर उनका हालचाल जानेंगे.

मंत्री ने कहा कि भारत में कई इलाके सूखे के कगार पर, लेकिन बस्तर में काफी पानी गिर रहा. ये आदिवासियों की देन. ÷मंत्री संत्री पानी को नहीं जानता÷ बस्तर में जंगल की वजह से ज्यादा बारिश हो रही है, लेकिन किसी तरह की दुर्घटना ना हो उस पर सरकार की नजर है.



भगवान को फोन लगाने पर मंत्री कावासी लखमा ने कहा कि ÷मैंने कहा था कि भगवान को फोन लगाऊंगा भगवान ने भी सुन लिया,÷ हम आदिवासी लोग देवी-देवताओं को मानने वाले पूजा पाठ करने वाले लोग हैं. बच्चा पैदा नहीं हुआ, शादी नहीं होती या बारिश नहीं हुई तो हम भगवान को मनाते हैं, भगवान भी सुन लेते हैं, पानी गिर रहा है. यह बूढ़ादेव की देन है.

डॉ रमन सिंह के बयान पर मंत्री लखमा ने कहा कि रमन सिंह की सरकार थी, तब कोंटा में बाढ़ आया था, वहां के आदिवासियों ने उस समय प्रभारी मंत्री केदार कश्यप को पत्थर फेंककर मारा था. मैं भी गाड़ी में था मुझे नहीं मारा गया, उस समय डॉ. रमन सिंह सोए हुए थे, इन्होंने बस्तर को नर्क बना दिया था. रमन सिंह का बाढ़ को लेकर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

# एक्सप्रेस-वे में हुए लूट के बाद हत्याकांड का खुलासा,चार आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 12 जुलाई 2022। राजधानी रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्रांतर्गत एक्सप्रेस-वे में हुए अंधे कत्ल का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। इस प्रकरण में 4 आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। बता दें कि 8 जुलाई की रात एक्सप्रेस-वे रोड में लूट/हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। जहां आरोपियों ने लूट की घटना को अंजाम देने की नियत से दुखित राम यादव पर चाकू से वार कर उसका मोबाईल फोन लूट कर ले गये थे। वहीं घायल दुखित राम यादव का उपचार के दौरान 9 जुलाई को अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी।



लूट और हत्या के वारदात को अंजाम देने के बाद 3 आरोपी भावेश यादव, नंदू सोना एवं चेतन निषाद उड़ीसा फरार हो गये थे। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश करते हुए भावेश यादव, नंदू सोना ,चेतन निषाद और मोंगराज को गिरफ्तार किया। जिसमें से दो आरोपी भावेश यादव एवं अजय मोंगराज पूर्व में भी चोरी के प्रकरणों में जेल निरूद्ध रह चुके है। ये सारे आरोपी नशीले प्रवृत्ति के है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मृतक का मोबाईल फोन, घटना में प्रयुक्त चाकू एवं घटना के दौरान आरोपियों द्वारा पहने गये कपड़ों को जब्त किया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना खम्हारडीह में अपराध क्रमांक 179/22 धारा 341, 394, 302 भादवि. को अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# प्रोत्साहन राशि में गड़बड़ी का मामला

बिलासपुर, 12 जुलाई 2022। कोरोना वैक्सीनेशन में लगे कर्मचारियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि में 1 करोड़ 57 लाख रुपए की गड़बड़ी सामने आई है. सीएमएचओ डॉ. प्रमोद महाजन को सौंपी रिपोर्ट में इसके लिए बीएमओ और बीपीएम को जिम्मेदार बताया गया है. इसके बाद सीएमएचओ ने दोषियों से रिकवरी की बात कही है.



बता दें कि, 2 माह पहले छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सीएमएचओ डॉ. प्रमोद महाजन से मामले की शिकायत की थी. इस पर डॉ. महाजन ने 7 सदस्यीय जांच टीम का गठन किया. इसमें जिला लेखा प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संजय विल्सन मीडिया प्रभारी नौसाद अहमद, लेखापाल एसके चौहान, सहायक ग्रेड -3 सुनील राजपूत, एफएलओ एनसीडी अरुण मंडल, शहरी लेखा प्रबंधन संतोष कुमार गुप्ता और एकाउंटेंट टीबी मीनाक्षी मेश्राम शामिल थे. टीम ने जांच के बाद रिपोर्ट डॉ. प्रमोद महाजन को सौंप दिया है. इसमें 1 करोड़ 57 लाख रुपये का भुगतान अपात्रों को किए जाने की पुष्टि हुई है. इसके बाद सीएमएचओ डॉ. महाजन ने इस राशि की रिकवरी कर दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है.

# सुकमा में आफत की बारिश,राशन के लिए जान जोखिम में डाल रहे लोग

जगदलपुर, 12 जुलाई 2022। बस्तर संभाग में बारिश कहर बन कर बरस रही है। यहां भारी बारिश से संभाग के कई जिलों के नदी-नाले उफान पर है। लगातार बारिश से कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट चुका है। सड़क मार्ग बाधित हुआ है। कई मार्ग तो जलमग्न हो गए हैं। उफने नदी-नाले पर भी लोग जान जोखिम में डालकर नदी-नाला पार कर रहे हैं। बारिश के बीच सुकमा से एक और तस्वीर निकलकर सामने आई है। इसमें ग्रामीण पेट के लिए जान जोखिम में डालकर उफनते नाले को पार कर रहे हैं।



दरअसल जिले के कोंटा ब्लॉक के अंदरूनी इलाके में ग्रामीण राशन के लिए वैकल्पिक पुल का उपयोग कर रहे हैं। उफनते नाले में पेड़ गिराकर ग्रामीणों ने पुल बनाया है। इस पुल को ही पार कर ग्रामीण राशन ला रहे हैं। वहीं कोंटा ब्लॉक के 5 दर्जन गांव टापू बन गए हैं। ह॥ 30 पर बाढ़ का पानी आ गया है। छत्तीसगढ़ सीमा से लगे आंध्र के विरापुरम में सड़क पर पानी जमा हो गया है। इससे आवागमन पर प्रभाव पड़ रहा है। जबकि कुनावरम में शबरी नदी पुल को छूकर गुजर रही है और बैक वाटर से हालात बिगड़ सकते हैं.

# जल जीवन मिशन के तहत 469 गांवों में शुरू होगी समूह जल प्रदाय योजना, राज्य जल संसाधन उपयोग समिति ने दी मंजूरी,इन उद्योगों को भी मिलेगा पानी

रायपुर, 12 जुलाई 2022। राज्य के 469 गांवों में जल जीवन मिशन के तहत समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। साथ ही पांच उद्योगों पॉवर संयंत्रों को भी जरूरत का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय जल संसाधन उपयोग समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है।

बिलासपुर के विकासखण्ड कोटा के 21 ग्रामों की चपोरा-बाराडीह-बानाबेल समूह जल प्रदाय योजना के लिए चांपी जलाशय योजना की मुख्य नहर से पानी दिया जाएगा। महासमुंद जिले के विकासखण्ड महासमुंद में 48 ग्रामों की समोदा-अछोला समूह जल प्रदाय योजना के लिए महानदी पर निर्मित समोदा बैराज से पानी दिया जाएगा। मुंगेली जिले के विकासखण्ड पथरिया के 34 गांवों की सांवा-बिरबिरा समूह जल प्रदाय योजना के लिए शिवनाथ नदी पर निर्मित मदकू एनीकट से पानी दिया जाएगा। जिला कोण्डागांव के विकासखण्ड कोण्डागांव में 23 ग्रामों के घोड़ागांव-जोबा समूह जल प्रदाय योजना के लिए कोसारटेडा जलाशय से पानी दिया जाएगा।




मुंगेली जिले के लोरमी, मुंगेली पथरिया विकासखण्ड के 206 गांवों की खुड़िया समूह जल प्रदाय योजना के लिए मनियारी नदी/मनियारी जलाशय (खुड़िया बांध) से पानी की आपूर्ति की जाएगी। बेमेतरा जिले के बेरला विकासखण्ड के 61 ग्रामों की मोतिमपुर समूह जल प्रदाय योजना के लिए शिवनाथ नदी की मोतिमपुर विरोड़ा एनीकट से पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

सूरजपुर जिले के भैयाथान विकासखण्ड के पहाड़अमोरन में 33 गांवों की सारासोर समूह जल प्रदाय योजना के लिए महानदी से पानी दिया जाएगा। भैयाथान विकासखण्ड के ग्राम पासल में 43 गांवों की झिलमिली समूह जल प्रदाय योजना के लिए रेड़ नदी से पानी दिया जाएगा।

रायगढ़ जिले के विकासखण्ड रायगढ़ में जामगांव के पास संचालित होने वाले एमएसपी स्टील एण्ड पॉवर को कुरनाला पर निर्मित बेहरापानी एनीकट से पानी दिया जाएगा। बलरामपुर जिले के ग्राम परसवाखुर्द के पास प्रस्तावित बायो एथेनाल डिस्टलरी संयंत्र को बॉकी नदी से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। जांजगीर-चांपा के तहसील नवागढ़ के ग्राम मुड़पार के पास प्रस्तावित सोना पॉवर प्लांट को महानदी से जल प्रदाय किया जाएगा।

नारायणपुर जिले के ग्राम छोटेडोंगर के पास प्रस्तावित जायसवाल निको आयरन ओर प्लांट को मादिन नदी से पानी दिया जाएगा। बलौदाबाजार-भाटापारा के सिमगा स्थित घुघवाडीह गांव के पास प्रस्तावित जी ओएस इस्पात को शिवनाथ नदी पर निर्मित बहिंगा एनीकट से पानी दिया जाएगा।

# तकलीफ उपर खड़े शेर से है या नीचे खड़े शेर से ? राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तंभ के शेर पर आप पार्टी के बिगड़े बोल,भाजपा ने दिया कुछ इस अंदाज मे जवाब

रायपुर, 12 जुलाई 2022। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद के नए भवन के निमार्णकार्यों का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पूजा पाठ और वैदिक मंत्रोच्चार करने के बाद नए संसद भवन की छत पर 20 फीट ऊंचा राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तंभ का अनावरण किया। बता दें कि राष्ट्रीय प्रतीक 9,500 किलोग्राम के कुल वजन के साथ कांस्य धातु से बना हुआ है और इसकी ऊंचाई 6.5 मीटर है। पीएम मोदी द्वारा संसद के नए भवन में विशालकाय राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ का आनवरण किए जाने के बाद अब इस पर सियासत भी शुरू हो गई है। इसको लेकर विपक्ष की ओर से सवाल उठाए जा रहे हैं।

एक तरफ जहां AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने पीएम मोदी द्वारा अशोक स्तंभ का अनावरण किए जाने को संवैधानिक मानदंडों का उल्लंघन करार दिया। वहीं कांग्रेस पार्टी ने इस बात से खफा है कि कार्यक्रम में विपक्ष दलों को क्यों नहीं बुलाया गया।

आम आदमी पार्टी ने तो अशोक स्तंभ यानी राष्ट्रीय चिन्ह को बदलने का सरकार पर आरोप लगा दिया। ये आरोप आप सांसद संजय सिंह ने लगाया है बता दे की संजय सिंह ने एक ट्वीट को साझा करते हुए सरकार पर हमला बोलते हुए लिखा, ÷मैं 130 करोड़ भारतवासियों से पूछना चाहता हूँ राष्ट्रीय चिन्ह बदलने वालों को ÷राष्ट्र विरोधी÷बोलना चाहिये की नही बोलना चाहिये।÷







संजय सिंह के इन आरोप लगाने के कुछ ही देर बाद भाजपा ने भी पलटवार करने का मौका नहीं छोड़ा। भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने संजय सिंह को जवाब देते हुए उनकी बोलती बंद कर दी। कपिल मिश्रा ने ट्वीट कर लिखा, ÷संजय सिंह जी, भगवंत मान जी वाली दवाई पीकर ट्वीट मत किया कीजिये, आप झेल नहीं पाते अशोक चिन्ह के शेर को आदमखोर कह कर आप केवल खुद की बची खुची इज्जत का केजरीवाल बनवा रहे हो।÷

इन सबके बीच सोशल मीडिया में भी संजय सिंह के ट्वीट पर लोगो ने प्रतिक्रिया दी है। लोगो ने सांसद को घेरते हुए आड़े हाथ ले लिया ह्य एक यूजर ने तंज कसते हुए लिखा की , तकलीफ उपर खड़े शेर से है या नीचे खड़े शेर से?

# कैश और 8 नग बाइक के साथ 4 जुआरी गिरफ्तार

बिलासपुर, 12 जुलाई 2022। कोटा पुलिस ने करपीहा के जंगल में दबिश देकर चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से 21 हजार रूपए नकद और मौके से आठ बाइक जब्त की है। इसके अलावा चार मोबाइल भी पुलिस ने जब्त किया है। कोटा पुलिस को सोमवार की रात सूचना मिली कि करपीहा के जंगल में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं।



इस पर पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही जुआरियों में भगदड़ मच गई। मौके से कई जुआरी जंगल के भीतर भागने में कामयाब हो गए। वहीं, पुलिस ने मौके से कृष्ण कुमार कश्यप निवासी बिरगांव जिला मुंगेली, निकेश कश्यप निवासी परसाकापा, तिलकराम नवरंग निवासी सिरसहा, सोनू बांधले निवासी दाउकापा को पकड़ लिया। पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से 21 हजार रुपये नकद और चार मोबाइल जब्त किया है। इसके अलावा मौके से आठ बाइक जब्त की गई है। पुलिस ने मौके से आठ बाइक को जब्त किया है। इसके नंबर के आधार पर फरार जुआरियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है। वहीं, गिरफ्तार जुआरियों को जमानत पर छोड़ा गया है। उनसे फरार जुआरियों के संबंध में भी पूछताछ की गई है। बाइक लेने आने पर जुआरियों की जानकारी मिल सकेगी। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)